


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-305 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 19 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# स्वामित्व योजना से गांव और गरीब होंगे सशक्त, विकसित भारत का सफर होगा सुहाना : प्रधानमंत्री श्री मोदी

## स्वामित्व केवल भू-अधिकार नहीं बल्कि स्वाभिमान का अधिकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




### 100 लाख करोड़ से अधिक की आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुलेगा ग्राम स्वराज जमीन पर उतरेगा, ग्राम पंचायतें आर्थिक दृष्टि से होंगी सशक्त




भोपाल (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वामित्व योजना से गांव और गरीब सशक्त होंगे और विकसित भारत का सफर सुहाना होगा। भारत में पिछले लगभग 5 वर्ष में डेढ़ करोड़ ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का स्वामित्व पत्र (प्रॉपर्टी कार्ड) दिया गया है। आज 65 लाख से अधिक हितग्राहियों को प्रॉपर्टी कार्ड दिया जा रहा है। इस प्रकार देश के लगभग सवा दो करोड़ ग्रामीणों को उनके घर का पक्का कानूनी दस्तावेज मिला है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शनिवार को दिल्ली से स्वामित्व योजना अंतर्गत हितग्राहियों को संपत्ति अधिकार पत्रों के ई-वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ कर देशभर के 50 हजार से अधिक गाँवों में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डों का वितरण किया, जिनमें मध्यप्रदेश के 15 लाख 63 हजार हितग्राही शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिवनी जिले से कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के एक सर्वे के अनुसार क्लाइमेट चेंज, पानी की समस्या, स्वास्थ्य की समस्या और महामारी की चुनौतियों के साथ ही प्रॉपर्टी राइट्स 21वीं सदी की एक बहुत बड़ी चुनौती है। विश्व के अनेक देशों में गरीबों के पास प्रॉपर्टी राइट्स नहीं है। अर्थशास्त्री कहते हैं कि प्रॉपर्टी राइट्स नहीं होने से उनके पास डैड कैपिटल है। उस पर वे कोई लेनदेन नहीं कर सकते, कोई आर्थिक गतिविधि संभव नहीं होती। घर की मिल्कियत के विवाद और दबंगों द्वारा अतिक्रमण का खतरा बना रहता है। स्वामित्व योजना के माध्यम से हमने इस चुनौती का हल निकाल लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा पहले की सरकारों ने इस समस्या का कोई ठोस हल नहीं निकाला। वर्ष 2014 में जब हमारी सरकार बनी तब हमने इस योजना को प्रारंभ किया। ड्रोन के माध्यम से जमीनों की मैपिंग कराई गई और गरीबों की संपत्ति के कागज तैयार किए गए। देश में लगभग 6 लाख गांव है, इनमें से आधे से अधिक गांवों का ड्रोन सर्वे पूरा हो चुका है। सवा दो करोड़ ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड मिल गए हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। लगभग 100 लाख करोड़ से ज्यादा की आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गरीबों को संपत्ति के अधिकार पत्र मिल जाने से ग्राम पंचायतें आर्थिक दृष्टि से सशक्त होंगी और ग्राम स्वराज जमीन पर उतरेगा। विभिन्न आपदाओं के बेहतर प्रबंधन और ग्रामीणों को समय पर क्लेम मिलने में भी आसानी होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारा भारत गांव में बसता है। गांव का विकास देश का विकास है। स्वामित्व योजना और भू-आधार ग्राम विकास के आधार बनेंगे। देश में 23 करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। भू-अभिलेखों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंक सखी, बीमा सखी, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी आदि योजनाएं नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। देश में सवा करोड़ से ज्यादा लखपति दीदियां बन गई है। कई राज्यों में स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति अधिकार पत्रों में पत्नियों के नाम भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की रजिस्ट्री में भी महिलाओं के नाम शामिल किए गए हैं।

### प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण जहां-जहां गए, वहां-वहां बनेंगे तीर्थ स्थल




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 33 करोड देवी- देवताओं में हमारी संस्कृति समाहित है। अयोध्या में 500 साल बाद भगवान श्रीराम जिस प्रकार विराजमान हुए, उसी प्रकार प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण ने जहां-जहां गमन किया वहां-वहां तीर्थ स्थल बनाये जायेंगे। उन्होंने "बहुजन हिताय, सर्वजन सुखाय" की अवधारणा के आधार पर बिना किसी भेदभाव के सबको साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता जाहिर की, साथ ही कहा कि अमरकंटक, महेश्वर, उज्जैन, चित्रकूट आदि धार्मिक स्थलों का विकास वहां की परंपराओं के अनुरूप किया जाये।

## खुफिया विभाग ने किया अलर्ट जारी, 26 जनवरी को हो सकता है व्हीकल रेमिंग अटैक

### -बड़े वाहनों के मूवमेंट पर रखी जा रही नजर, ड्रोन से की जाएगी निगरानी

नई दिल्ली,(ए)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अलर्ट में कहा है कि 26 जनवरी के मद्देनजर दिल्ली में माहौल खराब करने की साजिश रची जा सकती है। आतंकी भीड़ को बड़े वाहनों से कुचलकर नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। हाल ही में जर्मनी में इस तरह का अटैक हुआ था जिसमें कुछ लोगों की मौत हो गई थी, वहीं 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। यही नहीं पिछले महीने में कई देशों में वीकल रेमिंग अटैक के जरिये भारी वाहनों से भीड़ पर आत्मघाती हमले किए गए हैं।इस व्हीकल रेमिंग अटैक के अलर्ट के मद्देनजर दिल्ली पुलिस की तमाम यूनिट्स को सख्त निर्देश दिए गए हैं। खासकर जहां सड़कों पर ज्यादा भीड़ होती है जिन सड़कों पर वाहनों की स्पीड काफी तेज होती और बड़े वाहनों के मूवमेंट उनकी गतिविधियों पर भी खासी नजर रखी जाएगी। इस बार 26 जनवरी को लेकर ड्रोन हमले का अलर्ट जारी किया गया है।इस बार 26 जनवरी के मद्देनजर एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी का और व्यापक तरीके से इस्तेमाल भी किया जा रहा है। दरअसल वीकल रेमिंग अटैक को एक ऐसा हमला भी कहा जाता है जिसमें कोई शख्स जानबूझकर वाहन का इस्तेमाल कर लोगों को भीड़ को चोट पहुंचाने या मारने की कोशिश करता है। ऐसे हमले आमतौर पर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, बाजारों या सार्वजनिक आयोजनों में किए जाते हैं।





आगामी गणतंत्र दिवस परेड 2025 के लिए नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर रिहर्सल के दौरान भारतीय सैन्य वाहनों का प्रदर्शन।

### छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 2.55 करोड़ का सोना और हीरे जब्त, तीन गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय (सीएसएमआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 17-18 जनवरी की मध्य रात्रि में अलग-अलग मामलों में कुल 2.55 करोड़ रुपये की कीमत का सोना और हीरे जब्त किए हैं।

पहले मामले में, विशेष जानकारी के आधार पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से आ रहे दो यात्रियों को रोका। जांच के दौरान अधिकारियों ने संदिग्धों के शरीर के अंदरूनी हिस्सों में छिपाया गया 24 कैरेट कच्चे सोने का पाउडर (गोल्ड डस्ट/स्वर्ण कण) बरामद किया।अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए सोने का कुल शुद्ध वजन 2.465 किलोग्राम था। इसकी अनुमानित कीमत 1.80 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया।

## आरजी कर रेप-हत्या मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला, मुख्य आरोपी संजय रॉय दोषी करार

कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में पिछले साल हुई 31 वर्षीय ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के मामले में सियालदह की सत्र अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को दोषी ठहराया है। इस फैसले के साथ ही उस भयावह घटना का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हुआ जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था और कोलकाता में डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों के व्यापक विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने मुकदमा शुरू होने के मात्र 57 दिनों के भीतर यह फैसला सुनाया। पिछले साल 9 अगस्त को, महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल में अर्धनग्न अवस्था में पाया गया था। इस घटना के बाद



पूरे देश में आक्रोश फैल गया था।

कोलकाता पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और घटनास्थल से मिले सबूतों के आधार पर सिविक वालंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया। उस पर ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप लगाया गया था।मामले की गंभीरता को देखते हुए, कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले की जांच अपने हाथों में ले ली थी। सीबीआई ने भी अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को ही मुख्य आरोपी माना और अदालत से उसके लिए मृत्युदंड की मांग की है।इस फैसले के बाद अब सजा की घोषणा का इंतजार है।

यह मामला न केवल एक जघन्य अपराध था, बल्कि इसने चिकित्सा समुदाय की सुरक्षा और अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे।




### सैफ पर हमले को लेकर उद्धव ने 'सामना' में फडणवीस सरकार को घेरा

मुंबई,(आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने भी महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस पर सैफ अली खान पर हुए हमले और कानून-व्यवस्था की राज्य में स्थिति को लेकर हमला बोला।

शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में सैफ अली खान पर हुए भीषण हमले को लेकर फडणवीस सरकार पर निशाना साधा गया। मुखपत्र सामना में कहा गया है कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई ही नहीं, बल्कि पूरे महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। सैफ अली खान और उनकी पत्नी करीना कपूर बांद्रा की सबसे सुरक्षित बिल्डिंग में रहते हैं। फिर भी एक व्यक्ति अभिनेता के घर में घुस जाता है और उन पर हमला कर भाग जाता है। इसका मतलब है कि हमलावर सैफ और उनके परिवार से अनजान नहीं था। तो क्या सैफ पर हुए हमले को कानून व्यवस्था से जुड़ा माना जाए? इसे लेकर असमंजस की स्थिति है। मुखपत्र सामना में यह भी कहा गया है कि विपक्ष ने सैफ पर हमले पर सवाल उठाए तो मुख्यमंत्री फडणवीस ने दो टूक जवाब दिया। फडणवीस ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है। हम दोषी को नहीं छोड़ेंगे। मुंबई को बेवजह बदनाम मत करो। उनका कुल मिलाकर रुख यह है कि मुंबई जैसे शहरों में ऐसी घटनाएं होती हैं, लेकिन मुंबई में ऐसी घटनाएं हर दिन हो रही हैं और किसी को कानून का डर नहीं है।

## कोणार्क सूर्य मंदिर पहुंचे सिंगापुर के राष्ट्रपति, यूपीआई से पेमेंट कर पत्नी के लिए खरीदी साड़ी



भुवनेश्वर ,(आरएनएस)। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम और उनकी पत्नी ने शनिवार को ओडिशा में रघुराजपुर गांव और पुरी जिले के प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर का दौरा किया।

रघुराजपुर गांव में राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का पारंपरिक गोटीपुआ नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य स्वागत किया गया। यह गांव अपनी समृद्ध कलात्मक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें पट्टचित्र कला, ताड़ के पत्ते पर नक्काशी, पत्थर की मूर्तिकला और गोटीपुआ नृत्य शामिल हैं।

दंपति ने गांव में एक घंटे से ज्यादा समय बिताया और वहां के कलाकारों से बातचीत की। राष्ट्रपति ने रामायण और भगवान गणेश से संबंधित दो पट्टचित्र पेंटिंग खरीदी। रघुराजपुर के कलाकार प्रशांत कुमार सुबुद्धि ने कहा कि राष्ट्रपति को उन्होंने पेंटिंग बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी जाना और उनकी पत्नी को एक हस्तनिर्मित पेंटिंग भेंट की, जिसमें राष्ट्रपति और सिंगापुर की प्रथम महिला को पुरी के जगन्नाथ मंदिर की पृष्ठभूमि में दर्शाया गया है।

### चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल पर हमला, मच गया हड़कंप

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर हमला होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार नई दिल्ली में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके गए है।केजरावील की गाड़ी पर पत्थर फेंके जाने के बाद एकदम हड़कंप मच गया। जिसकों लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, बीजेपी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपनी गाड़ी से 2



युवाओं को टक्कर मारी है। 'आप' की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल पर परवेश वर्मा के गुंडों ने हमला किया है। नई दिल्ली विधानसभा में प्रचार करते वक्त यह हमला किया गया है। स्थानीय लोगों से परवेश वर्मा के गुंडों की झड़प हुई है। स्थानीय लोगों ने बीजेपी के गुंडों को भगा दिया है।

### कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप, मामला दर्ज

सीतापुर(आरएनएस)। सीतापुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।सीतापुर के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि सीतापुर कोतवाली में एक पीड़िता ने 15 जनवरी को एक प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें बताया गया है कि कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने चार वर्षों से शादी का झांसा देकर और राजनीतिक करियर में सहायता देने के नाम पर पीड़िता का बलात्कार किया है।पीड़िता ने अपने कथन के समर्थन में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और अन्य कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराई है। पुलिस ने गहनता से अध्ययन किया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी की तरफ से लगातार धमकी दी जा रही है।

## 13 मिनट में 13 किलोमीटर का सफर,धड़कते दिल को लेकर दौड़ी हैदराबाद मेट्रो

हैदराबाद (आरएनएस)। हैदराबाद मेट्रो ने एक शख्स के लिए देवदूत का रोल निभाया है। मेट्रो ने 13 किलोमीटर की दूरी को सिर्फ 13 मिनट में पूरा कर हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए दिल पहुंचाया। इसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इस कॉरिडोर ने एलबी नगर के कामिनेनी अस्पताल से लकड़ी के पुल इलाके के ग्लेनीगल्स ग्लोबल अस्पताल तक हृदय (हार्ट) को पहुंचाया। मेट्रो ने 13 स्टेशनों से गुजरते हुए 13 किलोमीटर की दूरी 13 मिनट में तय की,



जिससे इस जीवन रक्षक मिशन में महत्वपूर्ण समय की बचत हुई। हैदराबाद की मेट्रो ने हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा प्रदान की। यह ग्रीन कॉरिडोर 17 जनवरी को रात साढ़े नौ बजे बनाया गया था। कामिनेनी अस्पताल की टीम ने मेडिकल बॉक्स में डोनर हार्ट रखा और उसे मेट्रो के जरिए ग्लेनीगल्स ग्लोबल अस्पताल तक पहुंचाया, जहां हार्ट ट्रांसप्लांट होना है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मेट्रो में सफर करते अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी नजर आ रहे हैं। यह प्रयास हैदराबाद मेट्रो रेल, चिकित्सा पेशेवरों और अस्पताल अधिकारियों के बीच सावधानीपूर्वक योजना और सहयोग के माध्यम से संभव हुआ है, जो सभी उपस्थित डॉक्टरों की देखरेख में किया गया।

## विविध-समाचार

### सामाजिक संस्थाएं पुलिस और जनता के बीच सेतु

भोपाल,(आरएनएस)। मप्र पुलिस अपने सामाजिक सुरक्षा मॉडल को लगातार विकसित कर रही है, जिसमें सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत किया गया है। यह मॉडल समाज और पुलिस के बीच विश्वास और सहयोग की भावना को बढ़ाता है और एक सुरक्षित, संगठित और शांतपूर्ण समाज की ओर मार्ग प्रशस्त करता है। इसमें सामाजिक संस्थाएं, जमीनी स्तर परब दलाव और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। गत दिवस एक कार्यशाला डीआईजी सामुदायिक पुलिसिंग विनीत कपूर ने उक्त बात कही ओर आशा जताई। कार्यशाला सामुदायिक पुलिसिंग ओर समाज के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित है। यह मॉडल केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को शामिल कर समस्याओं के समाधान में भी मददगार हैं। नशामुक्ति, बाल अधिकार और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर समाधान में भागीदारी निभाई है। डीआईजी पीटीआरआई टीके विद्यार्थी ने कहा महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम के लिए सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### इस बार टाट-पट्टी पर बैठकर परीक्षा नहीं देंगे पांचवीं-आठवीं के बच्चे

भोपाल,(आरएनएस)। मप्र बोर्ड की पांचवीं-आठवं की परीक्षा में इस बार विद्यार्थी टाट-पट्टी पर बैठकर परीक्षा नहीं देंगे। जिन स्कूलों में पानी, बिजली, फर्नीचर, शौचालय की सुविधा होगी उन्हें ही सेंटर बनाया जाएगा। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र (आरकेएस) ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पाँचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से कराने की तैयारी है। दोनों परीक्षाओं में सरकारी, निजी स्कूलों को मि लाकर करीब 24 लाख विद्यार्थी शाामिल होंगे। केंद्र द्वारा जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि तीन से पाँच किमी के दायरे में परीक्षा केंद्र बनाए जाएं, ताकि छोटे बच्चों को परेशान नहीं होना पड़े। मालूम हो कि समग्र शिखा अभियान के तहत माध्यमिक स्कूलों में 1.63 लाख फर्नीचर के लिए 140 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया था।

### हमीदिया में तेयार होगा निराश्रित बुजुर्ग वार्ड, काउंसलिंग भी होगी

भोपाल, (आरएनएस)। माता-पिता, बच्चों की परवरिश के लिए पूरा जीवन लगा देते हैं, लेकिन बुढ़ापे में बच्चे उनका साथ छोड़ देते हैं। हमीदिया अस्पताल में भी रोजाना ऐसे कई निराश्रित बुजुर्ग आते हैं। अब इन बीमार निराश्रित बुजुर्गों के लिए अस्पताल में विशेष वार्ड तैयार किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है। इन वार्डों में बुजुर्गों के इलाज के साथ उन्हें काउंसलिंग सेवा भी दी जाएगी, ताकि बुजुर्गों को मानसिक रूप से मजबूत बनाया जा सके। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इन वार्डों में निराश्रित बुजुर्गों की नियमित जांच होगी। इसमें हृदय, मधुमेह ओर जोड़ों समेत अन्य बीमारी से संबंधित लोग शामिल होंगे। इसके अलावा चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्गों के लिए सहायक स्टापु रहेगा।

### भोज विवि में अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी पर कार्यक्रम

भोपाल,(आरएनएस)। मप्र भोज मुक्त विवि में गत दिवस देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर व्याख्यान हआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलगुरु प्रो. संजय तिवारी ने की। मुख्य वक्ता पूर्व कुलगुरु शंकराचार्य प्रोफेशनल विवि भिई के डॉ एलएस निगम ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने भारत की सांस्कृतिक एकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि और साँची-बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विवि के कुलगुरु डॉ. वैद्यनाथ लाभ ने कहा कि देश भौगोलिक इकाई है, जबकि राष्ट्र सांस्कृतिक इकाई है।

### कुपोषण पर कार्यशाला में 40 मेडिकल ऑफिसर हुए शामिल

भोपाल(आरएनएस)। एम्स में गत दिवस दो दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेशभर से दो बैच में मेडिकल ऑफिसर्स ने भाग लिया। हर बैच में 40 मेडिकल ऑफिसर शामल हुए। एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम जन्म से गंभीर कुपोषण को रोकने में मदद करेगा। बाल रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ. भावना ढींगरा के नेतृत्व में कार्यक्रम के लिए सेशन तैयार किए गए थे। इसमें महत्वपूर्ण प्रबंधन प्रोटोकॉल, प्रोटाकॉल-अधारित उपचार रणनीतियों ओर पोषण पुनर्वास केंों में भर्ती, रेफरल प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई।

### मशिमं की हेल्पलाइन सहित प्राइवेट काउंसलर्स को कॉल कर पूछ रहे परीक्षा कैंसिल या आगे तो नहीं बढ़ जाएंगी

भोपाल,(आरएनएस)। कोरोना के बाद नए वायरस एचमएमपीवी को लेकर पिछले दिनों सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर आई खबरों और रील्स से स्टूडेंट्स और पैरेंट्स चिंतित हैं। पिछले कुछ समय से इसको लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल की हेल्पलाइन और प्राइवेट काउंसलर्स के पास रोजाना दस से अधिक कॉल्स पहुंच रहे हैं। पैरेंट्स को लग रहा है कि कहीं यह वायरस उनके बच्चे को चपेट में न ले ले। इस डर से वह एग्जाम के समय में बच्चों को किसी से ज्यादा न मिलने-जुलने और स्कूल-कोचिंग में कम समय बिताने की हिदायत दे रहे हैं। एक अभिभावक ने हेल्पलाइ पर कॉल कर पूछा कि एम्स ने मास्क लगाने सहित अन्य हिदायत दी है। लाूकडाउन के हालात तो नहीं होंगे, वरना बच्चों के भविष्य का क्या होगा। एक अन्य अभिभावक ने पूछा कि एग्जाम में माशिमं, बच्चों की सेफ्टी के लिए क्या गाइडलाइन बना रहा है।

### भोपाल को देश की दूसरी सोलर सिटी बनाने की योजना पिछड़ी

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को देश की दूसरी सोलर सिटी बनाने की योजना पिछड़ गई है। दरअसल, सांची के बाद शहर को सोलर सिटी बनाया जाना था। इसके लिए भोपाल मं 846 मेगावाट सोलर उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन वर्तमान में करीब 11 मेगावाट ही सौर ऊर्जा पैदा हो रही हे। जबकि शहर की वर्तमान में करीब 11 मेगावाट ही सौर ऊर्जा पैदा हो रही है। जबकि शहर को वर्तमान में करीब दो हजार से मेगावाट बिजली की आवश्यकता है। यदि तय लक्ष्य के हिसाब से सोलर प्लांट लगें तो न केवल बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुधरेगी बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिल सकता है। वर्ष 2023 के आखिरी दिनों में भोपाल में कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करके देश की पहली स्वच्छ राजधानी के साथ ही सोलरयुक्त राजधानी बनाने की योजना बनाई गई थी।

## सीएम राइज स्कूल लिख रहे नया अध्याय

# मजबूत हुई मप्र के स्कूलों की बुनियाद, स्कूलों की संख्या में देश में दूसरा स्थान

### मप्र को स्कूल शिक्षा का उत्कृष्ट केन्द्र बनाने मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए निर्देश

### यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉरमेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस रिपोर्ट जारी



भोपाल,(आरएनएस)।सरकारी स्कूलों में आदर्श अधोसंरचना स्थापित करने में मध्यप्रदेश ने निजी क्षेत्र की बराबरी कर ली है और कई मामलों में पीछे छोड़ दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा हाल में जारी यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉरमेशन सिस्टम (यूडीआई) फॉर एजुकेशन प्लस रिपोर्ट में देश के सरकारी स्कूलों की अधोसंरचना पर जारी रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है। रिपोर्ट में सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, निजी और अन्य स्कूलों में 2014 की स्थिति और वर्तमान स्थिति का तुलनात्मक आकलन किया गया है। रिपोर्ट में स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था, बेटियों के लिए शौचालय व्यवस्था, बच्चों के लिए अलग शौचालय, हाथ धोने की सुविधा, विद्युत कनेक्शन, लाइब्रेरी सुविधा, खेल मैदान, चिकित्सीय परीक्षण की सुविधा, कंप्यूटर की उपलब्धता, इंटरनेट सुविधा, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए हैंडरेल समेत रैंप, टॉयलेट की सुविधा, किचन गार्डन रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सोलर ऊर्जा सिस्टम जैसी अधोसंरचनात्मक व्यवस्थाओं का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। इसमें मध्यप्रदेश के स्कूलों का बेहतर प्रदर्शन प्रदर्शित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को उत्कृष्ट राज्य बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्ययोजना और रणनीतियां बनाने के निर्देश दिये हैं।उल्लेखनीय है कि भारतीय स्कूल शिक्षा व्यवस्था दुनिया में सबसे बड़ा शिक्षा नेटवर्क है। इसमें 14 लाख 72 हजार स्कूल है, जिसमें 98 लाख से ज्यादा शिक्षक हैं और प्राथमिक से सेकेंडरी स्तर तक 24.8 करोड़ विद्यार्थी पढ़ रहे हैं जो विभिन्न सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं।स्कूलों के इस विशाल डाटाबेस के प्रबंधन के लिए केन्द्र सरकार ने यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉरमेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस बनाया है। इसमें स्कूलों से संबंधित आंकड़ों को ऑनलाइन अपलोड किया जाता है। कई स्तरों पर आंकड़ों की शुद्धता का परीक्षण किया जाता है। यह कार्य ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर होता है। यह वन नेशन-वन डाटाबेस की अवधारणा है।

**मप्र की स्थिति**

रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में सरकारी, निजी और सरकारी सहायता प्राप्त 1,23,412 स्कूल हैं, जिनमें एक करोड़ 53 लाख 61 हजार 543 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। इन स्कूलों में शिक्षकों की संख्या 6 लाख 39 हजार 525 है। इनमें सरकारी स्कूल 92,439 हैं और सरकारी सहायता प्राप्त 581 और निजी 28,910 और अन्य 1482 हैं। इनमें से 39.4 प्रतिशत स्कूल प्रिपेरेटरी या फाउंडेशनल है जबकि 35.7 प्रतिशत मिडिल स्कूल और 14.9 प्रतिशत हायर सेकेंडरी स्कूल है। शिक्षकों की उपलब्धता के मान से 21.02 प्रतिशत फाऊंडेशनल स्कूलों में, 37.9 प्रतिशत मिडिल स्कूलों में और 40.9 प्रतिशत सेकेंडरी स्तर के स्कूलों में कार्यरत है।रिपोर्ट के अनुसार देश के 98.3 प्रतिशत स्कूलों में पेयजल की सुविधा है, 97.2 प्रतिशत स्कूलों में बेटियों के लिए टॉयलेट, 95.7 प्रतिशत स्कूलों में बच्चों के लिए टॉयलेट, 94.7 प्रतिशत स्कूलों में हाथ धोने की सुविधा उपलब्ध है।

### मरीजों को फर्जी बिल पकड़ाकर कैशियर ने की चार लाख की ठगी

भोपाल,(आरएनएस)। हबीबगंज स्थित एमके एम अस्पताल में कार्यरत कैशियर पर चार लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। कैशियर अस्पताल में भर्ती मरीजों को आनलाइन सिस्टम में खराबी का बहाना बताकर आफलइन बिल देने के नाम पर फर्जी बिल थमा देता था और मरीजों से मिले बिल के रुपये गायब कर देता था। एसआई शिवेंद्र पाठक ने बताया कि आरोपी अविनाश तिवारी मूलत: सतना का रहने वाला है। पिछले एक साल से एमकेएम अस्पताल में कैशियर था। कई बार वह मौका पाकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को सिस्टम में खराबी बताकर मरीजों से अस्पताल की फीस वसूल लेता था। अस्पताल प्रबंधन को शक हुआ तो प्रबंधक हेमराज सिंह ने थाने में शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। फ्लिहाल आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### एनआरआई कोटे से सीट लेने वालों का खंगाला जा रहा रिकार्ड

भोपाल (आरएनएस)। नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में एनआरआई कोटा के तहत जिन उम्मीदवारों को भी सीट का आवंटन हुआ है, उन सबकी कुंडली खंगाली जा रही है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि मप्र के आठ निजी मेडिकल कॉलेजों में 152 पीजी सीटें एनआरआई कोटा के तहत रिजर्व हैं। पहले राउंड में करीब 91 सीटों का आवंटन किया गया है। बताया जा रहा है कि इन 91 अभ्यर्थियों में कई ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने जारी दस्तोवज लगाकर खुद को एनआरआई बताया है। मामला उजागर होने के बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधिकारी सजग हो गए हैं ओर अब सभी उम्मीदवारों के दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं।

### कांग्रेस विधायक आरिफमसूद को गवाहों की सूची पेश करने की अंतिम मोहलते

भोपाल/जबलपुर (आरएनएस)। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने भोपाल मध्य क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के खिलाफ दायर याचिका में उन्हें गवाहों की सूची पेश करने की अंतिम मोहलत दी है। एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को निर्धारित की है। भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के निर्वाचन को चुनौती देते हूए पराजित भाजपा प्रत्याशी ध्रुव नारायण सिंह ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि एसबीआई अशोक नगर शाखा से मसूद ओर उनकी पत्नी के नाम लोन है। जिसका उल्लेख उन्होंने नामांकन में नहीं किया। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार हाईकोर्ट लोन संबधित दस्तावेजों की जांच कर रही है। हाईकोर्ट ने तत्कालीन बैंक मैनेजर को गवाही तथा प्रतिपरीक्षण के लिए तलब किया था। तत्कालीन मैनेजर ने हाईकोर्ट को बताया मसूद तथा उनकी पत्नी सहित 40 खाताधारकों के नाम पर बैंक के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से एक गिरोह ने धोखाधड़ी से लोन स्वीकृत कराये थे, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है।



### हमीदिया में 400 कर्मचारियों को नौकरी से हटाने पर सालाना 4.80 करोड़ रुपए की बचत

भोपाल, (आरएनएस)। हमीदिया अस्पताल ने 400 आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। इन कर्मचारियों के वेतन पर हर महीने 40 लाख रुपए का खर्च आता था। यह एक साल में चार करोड़ 60 लाख रुपए होता है। हमीदिया प्रबंधन के अनुसार इन कर्मचारियों को हटान से यह बचत होगी। हमीदिया प्रबंधन का कहना है कि हमारे पास कम बजट होने के कारण हमने कंपनी का बजट कम किया है। कंपनी ने ही इन कर्मचारियों को निकाला है। हालांकि प्रबंधन की यह बचत मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती का कारण बनेगी। क्योंकि जिन 400 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है, वह सीधे तोर पर मरीजों के इलाज से जुड़े हैं। इनमें अधिकार वार्ड बॉय हैं, कुछ लैब टेक्नीशियन और कुछ कम्पयूटर ऑपरेटर हैं। कुछ पैरामेडिकल स्टाफ भी हैं। सभी वर्गों से इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को हटाने पर मरीजों का इलाज प्रभावित होगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मंत्री स्व.लक्ष्मी नारायण शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मीदेवी शर्मा के देहावसान पर उनके निवास पहुँच पुष्पांजलि अर्पित कर परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की।

# कर्मचारियों की नहीं हो रही सुनवाई, पकड़ी आंदोलन की राह

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश में कर्मचारियों की लंबित मांगों की सुनवाई नहीं हो रही है। लंबे समय से वेतमान, पदोन्नति ओर संवर्ग संबंधी विसंगति को लेकर कोई निर्णय नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों की सुनवाई क लिए अब तक समिति नहीं बनाई गई है। एक कर्मचारी आयोग भी बना है लेकिन यह भी कागजों पर ही सीमित होकर रह गया है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वे आंदोलन की राह पर चल पड़े हैं। संविदा कर्मचारियों के बाद अब मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी भी चरणबद्ध आंदोलन चला रहे हैं। अतिथि शिक्षक नियुक्ति को लेकर लंबे समय से आंदोलन चला रहे हैं लेकिन अब तक कोई रास्ता नहीं निकल पाया है। यही स्थिति संविदा कर्मचारियों को भी है। वे लंबे समय से सामान्य प्रशासन, वित्त सहित अन्य विभागों को समयमान वेतमान, क्रमोन्नति, पदोन्नति और शासकीय कर्मचारियों की तरह आवास की सुविधा को लेकर मांग आंदोलन कर रहे हैं। वहीं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी मंच चरणबद्ध आंदोलन चला रहा है। पांच वर्ष बाद मंत्रालयीन अधिकारी-कर्मचारी संघ विभिन्न मांगों को लेकर लामबंद हुआ है। संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक का कहना है कि सुनवाई की व्यवस्था ही बं हो गई है। पहले कर्मचारी कल्याण समिति हुआ करती थी, जिसके सामने कर्मचारी अपनी मांग रखते थे ओर वह शास तक बाल पहुंचा देती थी। कमल नाथ सरकार में कर्मचारी आयोग बनाया गया। इसके कर्ताधर्ताओं ने पूरे कार्यकाल में किसी कर्मचारी संगठन से भेंट ही नहीं की। शासन ने हर स्तर पर ज्ञापन दिएस जा चुके हैं। अब स्थिति यह हो गई है कि पदोन्नति और समयमान वेतनमान देना तो दूर कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात करने की तैयारी की जा रही है। मंत्रालय में जो पद पदोन्नति के लिए सुरक्षित हैं, उन्हें सीधी भर्ती से भरा जाना प्रस्तावित किया जा रहा है। यही कारण है कि कर्मचारी अपने हितों के लिए लामबंद रहे हैं। चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाकर सरकार तक अपनी बात पहुंचाई जाएगी, जिसकी शुरुआत गेट मीटिंग से हो गई है। वहीं, कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडेय और संविदा अधिकारी-कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रमेश राठौर का कहना है कि हम लगातार सरकार का ध्यान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं की ओर आकर्षित कर रहे हैं। यदि हमारी न्यायोचित मांगों की पूर्ति नहीं होती है तो फिर प्रदेशव्यारी आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

### एम्स भोपाल में स्लो ब्रीथिंग पर शोध में सामने आए तथ्य, लंबी आयु का भी यही रहस्य

भोपाल, (आरएनएस)। मान्यता है कि प्रकृति ने हर इंसान को गिनती की सांसे दी हैं। अगर श्वास पर नियंत्रण पाया जा सके तो उम्र को लंबा किया जा सकता है। अब विाान ने भी इसे प्रमाणित कर दिया है। एम्स भोपाल के एक शोध में सामने आया है कि श्वसन की दर धीमी कर देने से दिल, दिमाग ओर फेंफड़े मजबूत होते हैं। लंबी आयु का भी यही रहस्य है। एम्स में आयुष फिजियोलाजी विभाग में एसोसिएट प्रोफसर डॉ. वरुण मल्होत्रा ने स्लो ब्रीथिंग पर यह शोध किया है। उनका कहना है कि समुद्री कछुआ एक मिनट में चार बार ही सांस लेता है। उसकी उम्र सामान्य तौर पर 300 वर्ष होती है। इंसान अपनी सांस की गति धीमी कर सके, तो उसकी आयु भी बढ़ सकती ह। उनके शोध में यह सामने आया कि धीमी गति से सांस लेने पर शरीर के कई अंगों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन पर दबाव कम होता है और उनकी क्रियाशीलता बढ़ जाती हे। इस वजह से इंसान की उम्र लंबी हो जाती है। डॉ. मल्होत्रा और उनकी टीम ने 150 लोगों पर पांच वर्षों तक यौगिक क्रिया के प्रभावों का अध्ययन कर यह निष्कर्ष निकला है। डॉ. वरुण का यह शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल रिसर्ज गेट में प्रकाशित भी हुआ है। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ्य व्यक्ति एक मिनट में 12 से 20 बार सांस लेता है।

### सडक़ सुरक्षा माह के तहत स्कूल में पहुंचे अधिकारी तो ट्रैफिक को लेकर विद्यार्थियों ने किए सवाल

भोपाल(आरएनएस)। राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के तहत ट्रैफिक पुलिस द्वारा परवाह की थीम पर सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एवं वाहन चालकों के लिए यातायात जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस यातायात जोन-दो में पटेल नगर स्थित ओरिएंटल स्कूल में सडक़ सुरक्षा जागरुकता का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने सडक़ पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा कितनी है? जेब्रा क्रासिंग में सफेद-काली पट्टियों ही क्यों बनाई जाती हैं? नाबालिग गाड़ी चलाते हैं तो पुलिस क्यों पकड़ लेती है? जैसे सवाल पूछे मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने उनका सिलसिलेवार जवाब दिया।

### *भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनने अब प्रदेश परिषद के सदस्यों का चुनाव*

*भोपाल,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश में भाजपा के 56 संगठनात्मक जिलों में अध्यक्षों की घोषणा के बाद अब प्रदेश के नए अध्यक्ष का चुनाव पर सभी की नजरे हैं। जिला अध्यक्षों के बाद अब प्रदेश परिषद के सदस्य भी चुने जाएंगे। दो विधानसभा क्षेत्र पर एक क्लस्टर बनाकर प्रदेश परिषद का सदस्य चुना जाएगा। कुल 345 प्रदेश परिषद सदस्यों के चयन में महिला, एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग का भी ध्यान रखा जाएगा। प्रदशे परिषद के सदस्य नया प्रदेश अध्यक्ष चुनेंगे। मध्य प्रदेश में अधिकतर बार सर्वसम्मति से ही प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है।*

### समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन 20 जनवरी से 31 मार्च तक

भोपाल (आरएनएस)। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 20 जनवरी से 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं के मोबाईल से एम.पी. किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रुपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रुपये अधिक है। पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एम.पी. किसान एप पर भी की गई है।

# स्वामित्व व भू-अधिकार गांव के विकास का बन रहे हैं आधार : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड का किया वितरण



रीवा (आरएनएस) । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि देश व प्रदेश में विकास कार्यक्रमों के साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाएँ प्राथमिकता से क्रियान्वित की जा रही हैं और पात्र लोगों को इनका लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में केन्द्र संचालित योजनाओं के साथ ही प्रदेश स्तर पर जनकल्याण के कार्य कराकर लोगों को इनसे लाभान्वित किया जा रहा है। स्वामित्व योजना से पट्टे मिलने से अब हितग्राही उस जमीन से मालिक बन गये और लोगों को पक्का कानूनी अभिलेख भी मिल गया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामित्व व भू-अधिकार गांव के विकास का आधार बन रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा तत्परतापूर्वक किये गये पट्टा बनाने व वितरण कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आगामी 31 जनवरी तक शेष रह गये हितग्राहियों को भी पट्टे मिल जायेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के 50 हजार से अधिक ग्रामों के 65 लाख हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड का वितरण किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल स्वामित्व योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम टाउन हाल रीवा में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शहरी क्षेत्र में सूची बनाकर समस्त पात्र हितग्राहियों को धारणाधिकार के पट्टे दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से अपेक्षा की कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागी बनकर प्रजातंत्र को वरदान बनायें। उप मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के 156 ग्रामों के 4283 हितग्राहियों का 7 लाख 95 हज़ार 234 वर्ग मीटर भूमि का पट्टा प्रदान किया जा रहा है।

## सीएम हेल्पलाइन के नाम पर ब्लैकमेलिंग, गिरफ्तार

उमरिया,(आरएनएस)। आमजन की शिकायतें सीधे सीएम तक पहुंच सकें इस उद्देश्य से प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन की शुरुआत हुई थी। अब उमरिया जिले में सीएम हेल्पलाइन के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। एक आरोपी ने सीएम हेल्पलाइन में फर्जी शिकायत दर्ज कराकर पीड़ित से दो लाख रुपए की मांग की है। आरोपी ने 18500 रुपए वसूल भी चुका था। लेकिन जब पीड़ित को पता चला कि आरोपी युवक ने सीएम हेल्पलाइन में ऐसी लगभग 40 शिकायतें पैसे ऐंठने के लिए दर्ज करवाई हैं तो उसने मामले की शिकायत कोतवाली में की शिकायत की जांच के बाद पाया गया कि आरोपी ने ऐसी ही अलग-अलग 40 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज करवाई हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जिला न्यायालय उमरिया में पेश किया यहां से आरोपी को जिला उमरिया में न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### विविध-समाचार

## सौरभ शर्मा मामले में आठ ठिकानों पर ईडी की रेड

ग्वालियर(आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग-अलग टीमों ने गत दिवस भोपाल और ग्वालियर में आठ जगह छापे मारे हैं। कार्रवाई पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार केके अरेरा के ठिकनों पर की गई है। भोपाल में इंद्रपुरी स्थित नवोदय हॉस्पिटल के संचालक डॉ. श्याम अग्रवाल के ठिकानों समेत चार जगह जबकि ग्वालियर में मुरार स्थित सीपी कॉलोनी समेत चार जगहों पर छापे मारे गए हैं। अरेरा आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा से जुड़े बताए जा रहे हैं। ईडी की टीम सुबहक करीब पांच बजे अरेरा के सभी ठिकानों पर पहुंची। फिलहाल, अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार अरेरा, विनय हासवानी के बिजनेस पार्टनर हैं। भोपाल के मेंडोरी स्थित विनय हासवानी के पास फार्म हाउस से 54 किलो गोल्ड और 11 करोड़ कैश से लदी कार मिली थी। यह आरटीओ के पूर्व कान्स्टेबल सौरभ शर्मा के मौसा, पूव डीएसपी मुनीश राजौरिया का दामाद है। भोपाल में डॉ. श्याम अग्रवाल के इंद्रपुरी बी सेक्टर स्थित घर पर ईडी पहुंची है। इंद्रपुरी में ही नवोदय कैंसर हॉस्पिटल ओर एमपी नगर स्थित उनके दूसरे अस्पताल में टीम जांच कर रही है। ईडी की जांच के दौरान भारी मात्रा में नितेश से जुड़े दस्तावेज और केश मिलने का अनुमान है। हालांकि पुष्टि नहीं की गई है।

## रिश्वत लेते पकड़ाए अधीक्षक को दूसरी बार भी जमानत नहीं

इंदौर(आरएनएस)। रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार सीजीएसटी अधीक्षक केपी राजन का जिला कोर्ट ने दूसरी बार भी जमानत देने से इंकार करते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी। इससे पूर्व हाई कोर्ट में आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त हो चुकी हैं। आरोपी राजन की सीबीआई ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। मामला यह है कि राऊ निवासी फरियादी सीताराम चौधरी की पत्नी भारती की एक फर्म है और वह प्लास्टिक एवं मशीनरी संबंधित व्यवस्था करती है। विभाग ने उनकी फर्म का गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) एवं इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) ब्लॉक कर दिया था। आरोप है कि खाते को आनब्लॉक करने के नाम पर उक्त आरोपी ने फरियादी से 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की।

## साँची के 22 आदिवासी गाँवों को मिली मोबाइल मेडिकल सुविधा

रायसेन (आरएनएस)। जिले के साँची क्षेत्र में प्रधानमंत्री जनमतन कार्यक्रम के तहत एक नई पहल की शुरुआत की गई है। क्षेत्र के 22 अनुसूचित जनजाति गाँवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट एम्बुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी। साँची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने गत दिवस जिला अस्पताल में एम्बुलेंस का लोकार्पण किया। मोबाइल यूनिट में एक चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर, फिजियोथेरेपिस्ट और पैथोलॉजी टेक्नीशियन की टीम होगी। यूनिट में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन, वक्सीन के लिए फ्रिज और आवश्यक दवाईयां उपलब्ध रहेंगी। विशेष रूप से 14 प्रकार की जांच सुविधाएं, 65 तरह की दवाइयां और 29 प्रकार की स्वासथ्य सामग्रियां मौजूद रहेंगी।

## बैतूल में पंचायत सचिवों का आरोप-जिले में शिकायत करने वाली गैंग सक्रिय

बैतूल,(आरएनएस)। गत दिवस जिलेभर के पंचयत सचिव और सहायक एकजुट हुए। वे छिंदवाड़ा जिले के उन दर्जनों शिकायतकर्ताओं से परेशान हैं, जो पंचायतों के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर रहे हैं। आरोप है कि हेल्पलाइन में शिकायत के नाम पर ब्लैकमेलिंग की पूरी गैंग काम कर रही है। उन्होंने ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। बैतूल के ऑडिटोरियल में जुटे पंचायत सचिवों और सहायकों ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने वाली एक गैंग पिछले दो साल से जिले में सक्रिय है। जो शिक्षा विभाग, ट्राइबल और पंचायतों के मामलों में बड़ी संख्या में शिकायतें करती हैं। गैंग के लोग शिकयतें बंद कराने के लिए रुपयों की मांग करते हैं। ऐसे कई पंचायत सचिव और कर्मचारी इसका शिकार हुए हैं। गैंग में एक समान प्रारूप की लगभग 1789 शितायें दर्ज की हैं। यह संख्या इससे भी कई अधिक हो सकती हैं, इसका बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा जिला सर्वाधिक शिकार हैं। आरोप है कि गैंग प्रतिमाह 200-300 शिकायत करती हैं। जिसे कमाई का जरिया बनाया हुआ है। सभी शिकायतें फर्जी नामों से की जाती हैं।

## मेले में सैलानियों को रुकने को मजबूर कर देती हैं कलात्मक लालटेन

ग्वालियर (आरएनएस)। ग्वालियर मेले का लुत्फ उठाने आ रहे सैलानी फुटपाथ पर रखीं छोटी-छोटी खूबसूरत एवं कलात्मक लालटेन देखकर थोड़ी देर रूकने के लिए मजबूर हो जाते हैं। महाराष्ट्र के रामपुर शहर से मोहम्मद अकील कलात्मक लालटेन लेकर आए हैं।



अकील बमुश्किल चार बाय चार फीट में फुटपाथ के किनारे अपनी दुकान लगाते हैं। एक हाथ से दिव्यांग मोहम्मद अकील के हुनर को बयां कर रहीं आकर्षक लालटेन सैलानियों को बरबस अपनी ओर खींच लेती है। ऐतिहासिक श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में यूँ तो बड़े-बड़े शोरूम, ऑटो मोबाइल सेक्टर, आकर्षक व रोमांचक झूले एवं लजीज व्यंजन परोस रहीं खान-पान की दुकानें सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र रहती हैं। पर फुटपाथ पर सजने वाली दुकानों का अपना एक अलग ही रंग है और ये मेले की शोभा भी बढ़ाती हैं। फुटपाथी वस्तुओं पर भी सैलानी जमकर पैसा लुटाकर छोटे-छोटे व्यवसाइयों के घरों में खुशियां पहुँचाते हैं। महाराष्ट्र के सुदूर कस्बे से आए मोहम्मद अकील की दुकान भी मेले की शोभा बढ़ा रही है। मोहम्मद अकील कहते हैं कि ग्वालियर के ऐतिहासिक मेले के वैभव के बारे में मैंने जो सुन रखा था। यहाँ आकर वह सब सच निकला है।

## कलेक्टर आशीष सिंह ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों का जायजा लिया



इन्दौर (आरएनएस)। इंदौर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियां जारी हैं। इसी सिलसिले में आज कलेक्टर आशीष सिंह ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बेनल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### व्यापार समाचार

## शेयर बाजार के लिए मिलाजुला रहा यह हफ्ता, डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण पर होंगी निवेशकों की निगाहें

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले शेयर बाजार में निवेशक सर्तक बने हुए हैं और इस हफ्ते बाजार का प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। बाजार में हफ्ते की शुरुआत में तेजी देखी गई थी, लेकिन शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बिकवाली देखी गई। इस दौरान लार्जकैप आईटी और बैंकिंग शेयरों पर दबाव देखने को मिला। हालांकि, सरकारी बैंकों का प्रदर्शन मजबूत रहा।हफ्ते के अंत में सेंसेक्स 76,619.33 पर और निफ्टी 23,203.2 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी बैंक 738.10 अंक या 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,540.6 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 123.85 अंक या 0.23 प्रतिशत चढ़कर 54,607.65 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 28.75 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,672.05 पर बंद हुआ।सितंबर 2024 के उच्च स्तर से बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 11.5 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 12 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 11 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट हुई है।बाजार की मजबूती के लिए आने वाले समय में तीसरी तिमाही के नतीजे काफी महत्वपूर्ण होंगे।बाजार के जानकारों के अनुसार, डॉलर के मजबूत होने के कारण निवेशक सतर्क बने हुए हैं और जोखिम को कम कर रहे हैं। इसके अलावा नए अमेरिकी प्रशासन की संभावित आर्थिक नीतियों पर बढ़ती अनिश्चितता ने बाजार के सेंटीमेंट को नुकसान पहुंचाया है।कुल मिलाकर तीसरी तिमाही के कमजोर नतीजों की उम्मीदों के कारण अल्पावधि में बाजार के सतर्क रहने की उम्मीद है। वहीं, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से बाजार में अस्थिरता जारी रह सकती है।कैपिटलमाइंड रिसर्च के कृष्णा अप्पाला ने कहा कि यह समय घबराने का नहीं, बल्कि स्पष्टता के साथ काम करने का है। बाजार में गिरावट अच्छे स्टॉक्स खोजने के अवसर प्रदान करती है, जिसमें विकास की अच्छी संभावना हो।

## टेक महिंद्रा का मुनाफा तीसरी तिमाही में 21.4 प्रतिशत घटकर 988 करोड़ रुपये रहा, आय भी 3.8 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। आईटी और डिजिटल सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी टेक महिंद्रा का मुनाफा वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 21.4 प्रतिशत गिरकर 988 करोड़ रुपये रह गया है, जो कि इससे पहले की तिमाही में 1,257 करोड़ रुपये पर था। स्टॉक एक्सचेंज की फाइलिंग के अनुसार, कंपनी की आय अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 3.8 प्रतिशत कम होकर 13,300 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि इससे पहले की तिमाही में 13,835 करोड़ रुपये थी।तीसरी तिमाही में टेक महिंद्रा के कर्मचारियों की संख्या 3,785 कम होकर 1,50,488 हो गई है।टेक महिंद्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, मोहित जोशी के कहा, हम अपने प्रमुख क्षेत्रों और प्राथमिकता वाले बाजारों में नए सौदे जीतने की दर में सुधार देख रहे हैं।जोशी ने आगे कहा,कांस्टेंट करेंसी में चुनौतियों के बावजूद तीसरी तिमाही में कंपनी का ऑपरेटिंग मार्जिन बढ़ा है और हम लंबी अवधि के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की राह पर है। टेक महिंद्रा के मुख्य वित्तीय अधिकारी, रोहित आनंद ने कहा कि कंपनी ने क्रमिक और सालाना आधार पर ईबीआईटी मार्जिन और ऑपरेटिंग मुनाफे में वृद्धि दर्ज की है, जो प्रोजेक्ट फोर्टियस के तहत हमारे टारगेटेड एक्शन लेने और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और बाजारों में नए सौदे जीतने से हुई लगातार वृद्धि का परिणाम है। तिमाही में टेक महिंद्रा को एक बड़ी जर्मन टेल्को द्वारा नेटवर्क, आईटी और सेवा संचालन में अपने टेक्नोलॉजी डोमेन को सपोर्ट करने के लिए चुना गया है।

## सरकार ने दूरसंचार उद्योग के लिए 687 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की रीफार्मिंग को दी मंजूरी : ज्योतिरादित्य सिंधिया



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों से दूरसंचार उद्योग के लिए 687 मेगाहर्ट्ज (मेगाहर्ट्ज) स्पेक्ट्रम की रीफार्मिंग को मंजूरी दे दी है। उद्योग निकायों ने देश भर में बेहतर 5जी सेवाओं के तेजी से रोलआउट और 6जी युग की तैयारी के लिए इस कदम की सराहना की है। राष्ट्रीय राजधानी में सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के डिजिकॉम समिट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे पास 1,100 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की कमी है जिसे 2030 तक पूरा करने की जरूरत है।केंद्रीय मंत्री ने कहा, कल की कैबिनेट में, हमने 687 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को रीफार्म करने की मंजूरी दी है। 320 मेगाहर्ट्ज तत्काल जारी किए जाएंगे, कुछ अगले साल के अंत तक और बाकी 2028-29 तक, जो हमें 2030 के लिए तैयार कर देगा।4जी, 5जी और बाद में 6जी सेवाओं की दूरसंचार उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्पेक्ट्रम की रीफार्मिंग की जा रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सचिवों की एक समिति गठित की, जो यह देखेगी कि विभिन्न मंत्रालयों के पास कितना स्पेक्ट्रम है और क्या वे इसका प्रोडक्टिव तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं या इसे केवल स्टोर कर रहे हैं।सिंधिया के अनुसार, यदि स्पेक्ट्रम का प्रोडक्टिव तरीके से उपयोग नहीं किया जा रहा है, तो इसे वहां दिया जाना चाहिए, जहां इसकी जरूरत है। अब पैनल अतिरिक्त स्पेक्ट्रम की पहचान करने पर काम कर रहा है, जिसे रिफॉर्म किया जा सकता है।केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दूरसंचार परिदृश्य के विकास में कोई बाधा न आए।सीओएआई ने कहा कि स्पेक्ट्रम की रीफार्मिंग से पूरे देश में बेहतर 5जी सेवाओं को शुरू करने में मदद मिलेगी।सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एस.पी. कोचर ने कहा, सीओएआई ने प्रचार किया है कि भारतीय इकोसिस्टम को अंतरराष्ट्रीय मोबाइल दूरसंचार (आईएमटी) सर्विस के लिए 2,000 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की आवश्यकता है और हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि संचार मंत्री की सलाह के तहत कैबिनेट ने इस मात्रा को स्वीकार कर लिया है।कोचर ने कहा, उन्होंने पहले ही स्पेक्ट्रम अलोकेट कर दिया है, जिससे हमारे पास पहले स्टेज में 320 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम हो गया है, जिससे लगभग 400 मेगाहर्ट्ज की कमी रह गई है।

## यूपीआई में 10 गुना बढ़ने की क्षमता, 20 से 30 करोड़ और लोगों को किया जा सकता है ऑनबोर्ड : एनपीसीआई सीईओ

नई दिल्ली ,(आरएनएस)।भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दिलीप असबे ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) में 10 गुना वृद्धि की क्षमता है और जल्द ही 20 से 30 करोड़ और लोग डिजिटल भुगतान के दायरे में आ जाएंगे।



दिलीप असबे ने कहा कि भारत डिजिटल भुगतान क्रांति के मुहाने पर है। एनपीसीआई प्रमुख ने 19वें भारत डिजिटल शिखर सम्मेलन (आईडीएस) के एक सत्र के दौरान कहा, हमें 20-30 करोड़ अन्य लोगों को डिजिटल भुगतान के दायरे में लाने के लिए आरबीआई, सरकार और इकोसिस्टम से समर्थन की आवश्यकता है।इस सम्मेलन का आयोजन इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने आईटी मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से किया था।असबे ने कहा,डिजिटल भुगतान अब जीवन का अभिन्न अंग बन गए हैं। मुझे नहीं लगता कि हम नकदी की ओर वापस जा रहे हैं।आगे कहा कि यूपीआई सभी खिलाड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आधारभूत संरचना बन गई है, चाहे वे वित्तीय सेवाओं या अन्य उद्योगों में फिनटेक स्टार्टअप हों।अस्बे के मुताबिक, पिछले 8-10 वर्षों में यूपीआई के इन्फ्रास्ट्रक्चर लेयर में बदलने की यात्रा काफी शानदार रही है।

## भारत की अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में 6.5 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी : आईएमएफ

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 में 6.5 प्रतिशत की गति से बढ़ सकती है। यह हमारे अक्टूबर में जारी किए गए अनुमान के अनुरूप है।

आईएमएफ का यह अनुमान वर्ल्ड बैंक के अनुमान के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जो कि चालू वित्त वर्ष की विकास दर के अनुमान से अधिक है।आईएमएफ के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है। कुछ एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में निराशाजनक डेटा जारी होने के बाद, 2024 की तीसरी तिमाही में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर अक्टूबर 2024 के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में अनुमानित वृद्धि से 0.1 प्रतिशत कम थी।आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री और शोध निदेशक पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने कहा, इस साल और अगले साल वैश्विक विकास दर 3.3 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है। महंगाई दर लगातार घट रही है। इस साल 4.2 प्रतिशत और अगले साल 3.5 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांग की उम्मीदों के कारण अधिक बढ़ रही है। वहीं, यूरोप धीमे विकास और लगातार उच्च ऊर्जा कीमतों का सामना कर रहा है।गौरींचस ने कहा, उभरते बाजारों में मजबूती दिख रही है, चीन में मामूली सुधार की संभावना हैउभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 2025 और 2026 में विकास दर मोटे तौर पर 2024 के जीडीपी वृद्धि दर के अनुरूप ही रहेगी।आईएमएफ के अनुसार, कम होती महंगाई में नीति-जनित व्यवधान मौद्रिक नीति को आसान बनाने की राह को बाधित कर सकते हैं, जिसका राजकोषीय स्थिरता और वित्तीय स्थिरता पर प्रभाव पड़ सकता है।

## सेबी ने सात कंपनियों को बाजार से प्रतिबंधित किया

नई दिल्ली (ए)। सेबी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सात कंपनियों को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इन कंपनियों में पाचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस, अभिजीत ट्रेडिंग, कैलिक्स सिक्योरिटीज, हिबिस्कस होल्डिंग्स, अवेल फाइनेंशियल सर्विसेज, एडॉप्टिका रिटेल इंडिया और सल्फर सिक्योरिटीज शामिल हैं। सेबी ने कहा की पाचेली इंडस्ट्रियल ने गैर-प्रवर्तकों के रूप में वर्गीकृत छह संस्थाओं से 1,000 करोड़ कर्ज लिया, जिसे तरजीही आवंटन के जरिये इक्विटी में बदल दिया। लेकिन कर्ज और पैसा सिर्फ कागजों में घुमाया गया। जिनके दिखावे कर्ज देने के थे, उन्हें कंपनी के 99.28 फीसदी शेयर मिल गए।



कनाडा में लोग एक तीन पहियों वाली मोटरसाइकिल को देखते हुए। यहां लगे वेंकवूर मोटरसाइकिल व पावर स्पोर्ट शो में इसे पेश किया गया।

## सोने की कीमत 1,420 रुपए बढ़ी, चांदी में गिरावट जारी

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने के भाव लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे सोने की कीमतों में नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है। लगातार तीन कारोबारी दिनों में सोने की कीमतें 1,420 रुपए बढ़ गई हैं। पहले भी 6 कारोबारी दिनों में 1600 रुपए से ज्यादा का इजाफा देखा गया था। शुक्रवार को सोने की कीमत 82,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई है, जिससे वह पिछले 10 कारोबारी दिनों में 3,000 रुपए से भी अधिक बढ़ चुकी है। अधिकतम शुद्धता वाला सोना अब सिर्फ 400 रुपए प्रति 10 ग्राम पीछे है। एक और धारणा है कि सोने के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है और यह नया रिकॉर्ड बना सकता है। दिल्ली में सोने का मौजूदा रिकॉर्ड 82,400 रुपए प्रति 10 ग्राम है, जो पिछले साल अक्टूबर में बना था। चांदी की कीमतों में कुछ गिरावट भी देखने को मिली है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## निजी डेटा पर व्यक्तियों के अधिकार

समस्या बनी रही यह समझ है कि सरकार को हर तरह के डेटा पर अपना स्वामित्व बनाने का प्रयास कर रही है। जबकि बेहतर यह होगा कि नया कानून बनाने के अवसर का उपयोग नागरिक अधिकारों के संरक्षण की अवधारणा के मुताबिक हो। केंद्र के डिजिटल निजी डेटा संक्षरण (डीपीडीपी) विधेयक प्रारूप को लेकर पैदा हुए अंदेशों के पीछे एक वजह तो वर्तमान सरकार के पुराने रिकॉर्ड से पैदा हुआ अविश्वास है। समाज के एक बड़े हिस्से में धारणा गहरे बैठी हुई है कि नरेंद्र मोदी सरकार नागरिक जीवन के हर पहलू पर शिकंजा कसना चाहती है। बहरहाल, धारणाओं को छोड़ दें और आम जन की राय मांगने के लिए सार्वजनिक किए गए प्रारूप पर ध्यान दें, तो भी ये नहीं लगता कि सरकार का मकसद निजी डेटा पर व्यक्तियों के अधिकार को मजबूती प्रदान करना है। बल्कि लगता है कि वह सारे डेटा पर अपना नियंत्रण अधिक मजबूत करना चाहती है। इसका एक प्रमुख पहलू डेटा को देश से विदेश ले जाने को नियंत्रित करना है। प्रावधान किया गया है कि जो कंपनियां यूजर्स डेटा हासिल करती हैं, उन्हें देश का डेटा देश के अंदर ही रखना होगा। हालांकि सरकार की तरफ से यह सफाई भी दी गई है कि इस प्रावधान को सिर्फ कुछ जरूरी मामलों में लागू किया जाएगा। वे मामले कौन-से होंगे, इसका निर्णय संबंधित मंत्रालय करेंगे। आज दुनिया भर में ट्रेंड डेटा को देश में रखने के लिए कंपनियों को मजबूर करने का है। मगर उसके साथ ही डेटा पर पहला अधिकार संबंधित व्यक्ति का है, यह सिद्धांत भी तेजी से स्वीकार्यता हासिल करता गया है। मगर भारतीय प्रारूप में इस निर्णय का अधिकार सरकार हासिल करती दिखती है। एक अन्य प्रमुख प्रावधान बच्चों के इंटरनेट उपयोग से पहले माता-पिता की स्वीकृति को अनिवार्य बनाना है। यह कैसे होगा, इसकी जिम्मेदारी डेटा हासिल करने वाली कंपनियों पर डाल दी गई है। कंपनियों के मुताबिक यह बेहद मुश्किल काम है। कई विकसित देशों में भी इसे सुनिश्चित करना कठिन बना रहा है। वैसे इस प्रावधान के पीछे मकसद अच्छा है। लेकिन कुल समस्या प्रारूप को लेकर बन रही यह समझ है कि इसके जरिए सरकार को हर तरह के डेटा पर अपना स्वामित्व बनाने का प्रयास कर रही है। जबकि बेहतर यह होगा कि नया कानून बनाने के इस अवसर का उपयोग नागरिक अधिकारों के संरक्षण की अवधारणा के मुताबिक हो।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय में एक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया.

# परमाणु हथियारों के अवैधानिक हस्तांतरण

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

पाकिस्तान के परमाणु बम के निर्माता अब्दुल कादिर खान के बारे में कहा जाता है कि इस शख्स ने परमाणु बम बनाने की तकनीक को उन देशों तक पहुंचा दिया जहां से आतंकवादी संगठन, आपराधिक समूह या अन्य अस्थिर समूह परमाणु सामग्री का उपयोग करके पूरी दुनिया में विनाशकारी हमले कर सकते हैं।

सीआईए के पूर्व निदेशक जॉर्ज टेनेट ने एक बार कहा था कि खान उतना ही खतरनाक है, जितना कि ओसामा बिन लादेन। अब्दुल कादिर खान अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उन्होंने लीबिया, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे अस्थिर और अधिनायकवादी देशों को परमाणु तकनीक और सामग्रियों का अनधिकृत हस्तांतरण करके वैश्विक सुरक्षा को संकट में डाल दिया। डॉ. खान ने 1990 के दशक के अंत से 2003 तक लीबिया को गुप्त रूप से सेंट्रीफ्यूज प्लांट और परमाणु हथियार डिजाइन की आपूर्ति की जिससे वहां हथियार कार्यक्रम बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने 1990 के दशक में उत्तर कोरिया और ईरान को सेंट्रीफ्यूज तकनीक भी हस्तांतरित की थी। 1990 में ही खान की परमाणु प्रयोगशाला ने कथित तौर पर इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को पत्र भेजा था जिसमें परमाणु सेंट्रीफ्यूज बनाने में सहायता की पेशकश थी।

एक बार फिर पाकिस्तान के परमाणु प्रतिष्ठान से जुड़े घटनाक्रम पर दुनिया की नजर है। दरअसल, ऐसी खबरें सामने आई हैं, जिनमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर सक्रिय आतंकी समूह तहरीक-ए-तालिबान ने कुछ पाकिस्तानी वैज्ञानिकों का अपहरण कर लिया है। इन परमाणु वैज्ञानिकों का अपहरण खैबर पख्तूनख्वा से किया गया है। पाकिस्तान की सेना, आईएसआई और वहां की सरकार की विसनीयता को लेकर अमेरिका समेत दुनिया भर में अविश्वास रहा है लेकिन इसके बावजूद इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि दुनिया भर के आतंकी संगठन परमाणु बम बनाने की तकनीक प्राप्त करना चाहते हैं, इनमें अल-कायदा और आईएस का नाम सबसे ऊपर है। कम से कम दो पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिकों ने 2000-01 में अल-कायदा के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी, हालांकि अभी तक साबित नहीं हो पाया है कि उन्होंने परमाणु संबंधी जानकारी साझा की थी। पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा



को लेकर वैश्विक चिंताएं रही हैं। 2008 में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद अलबरदेई ने पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के बारे में अपनी आशंकाएं व्यक्त की थीं लेकिन पाकिस्तान ने उनकी चिंताओं को खारिज कर दिया और दोहराया था कि उसका परमाणु शस्त्रागार सुरक्षित है। पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों और हथियारों की सुरक्षा वर्ष 2000 से देश के प्रमुख परमाणु संस्थान राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण (एनसीए) के एकीकृत नियंत्रण में है, जो दस सदस्यीय निकाय है। इसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष, रक्षा, आंतरिक और वित्त मंत्री, सामरिक योजना प्रभाग के महानिदेशक और सेना, वायुसेना और नौसेना के कमांडर शामिल हैं। परमाणु तैनाती के बारे में निर्णय लेने की शक्ति एनसीए के पास है। इसके अध्यक्ष, जो पाकिस्तान के राष्ट्रपति हैं, अंतिम वोट देते हैं। सेना, वायुसेना और नौसेना में से प्रत्येक के पास एक सामरिक बल कमान है, जो परमाणु हथियारों के उपयोग की योजना, नियंत्रण और निर्देशों के लिए जिम्मेदार है। सामरिक योजना प्रभाग एनसीए के सचिवालय के रूप में कार्य करता है। परमाणु क्षमता के विकास एवं प्रबंधन का प्रभारी है और दिन-प्रतिदिन नियंत्रण रखता है। पाकिस्तान में फौज का सभी संस्थानों पर गहरा नियंत्रण है, और सेना के अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर वहां कोई स्वतंत्र और पारदर्शी निकाय काम नहीं करता है। यह भी दिलचस्प है कि पाकिस्तान के प्रमुख मानवाधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने पाकिस्तान की सेना पर यूरेनियम की चोरी को ईरान को तस्करी के बड़े षड्यंत्र के तहत अंजाम देने का आरोप लगाया है। मिर्जा ने दावा किया है कि पाकिस्तान की सेना लंबे समय से गुप्त रूप से परमाणु प्रौद्योगिकी बेचती रही है, जिससे वैश्विक सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी से इस घटना की स्वतंत्र जांच की अपील की है।

पिछले साल जुलाई में खैबर पख्तूनख्वा गृह विभाग ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक यात्रा सलाह जारी की थी, जिसमें बढ़तीं आतंकी गतिविधियों के कारण टैंक, डेरा इस्माइल खान, लक्की मारवात और बन्नू जैसे क्षेत्रों में बढ़ते जोखिमों की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद भी वैज्ञानिकों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात नहीं किए गए। खैबर-पख्तूनख्वा पाकिस्तान का सूबा है। इसे सूबा-ए-सरहद के नाम से भी जाना जाता है जो अफगानिस्तान की सीमा पर स्थित है। इसके दक्षिण में बलूचिस्तान है। बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा, दोनों प्रांतों में गहरी अशांति है, और आतंकी संगठन पाकिस्तान की सेना पर हमले करते रहते हैं। इन क्षेत्रों में कई कबाइली संगठन भी सक्रिय हैं, और भौगोलिक परिस्थितियां इतनी जटिल हैं कि मुजाहिद्दीनों से निपटने में पाकिस्तान की सेना नाकाम है। पाकिस्तान की सेना में धार्मिक संगठनों और कट्टरपंथ का गहरा प्रभाव है तथा आतंकी संगठनों को लेकर गहरे मतभेद हैं। पाकिस्तानी सेना के कई पूर्व अधिकारी तालिबान, लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों को प्रशिक्षित करने में भूमिका निभाते रहे हैं। परमाणु हथियारों और उनसे संबंधित सामग्री की सुरक्षा के लिए उच्चतम स्तर के सुरक्षा उपायों का पालन किया जाता है, जिनमें अत्याधुनिक निगरानी, चौकस सुरक्षा बल और अन्य तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान अपने हथियार कार्यक्रम के कारण परमाणु अप्रसार संधि से बाहर है, इसलिए उसे परमाणु संयंत्र या सामग्री के व्यापार से काफी हद तक बाहर रखा गया है। पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम जितना रहस्यमय रहा है, उससे ज्यादा खतरनाक पाकिस्तानी की परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर बदनीयती रही है।

# माता पिता ही आपके असली भगवान

**संजय गोस्वामी**

महाकुम्भ मेला,2025 प्रयागराज में बाबा अभय सिंह का नाम चर्चा का विषय बन गया है अभय सिंह उर्फ़ पूर्व छात्र आईआईटी बाबा कनाडा में भी नौकरी करके आए, वहां इन्हें साल का 36 लाख का पैकेज था मगर इन्होंने उसे छोड़ दिया, यही नहीं इन्होंने स्वयं कबूला है कि इनकी 4 साल तक एक गर्ल फ्रेंड भी रही है, यह दारू, सिगरेट सब कुछ पीते थे, इनका शादी से भरोसा इसलिए उठा क्योंकि इनके पेरेंट्स आपस में लड़ाई करते थे जबहर जगह दुनिया से भरोसा उठा तो अभय सिंह ने संन्यास का मार्ग अपना लिया और ईश्वर की खोज में निकल पड़े। भी आई आई टी रूडकी का पूर्व छात्र हूँ और माया के बंधन से निकल कर कुछ दिन शांति कुंज में बिताये लेकिन जब अंतर्यामी परमात्मा ने कहा उनका रो रो कर बुरा हाल हो गया है और वापस जाओ क्योंकि यदि ऐसा नहीं करते तो माता पिता का भरोसा गुरू के प्रति उठ जायेगा अत: वापस आना पड़ा और शादी भी हुई और सही में शांति नहीं मिली जो सुखद अनुभूति गुरू के ध्यान में मिला वैसी अनुभूति नहीं मिली पैसा घर सम्पूर्ण सजोये गए सामान का एक दिन नाश होना तय है तो सच्चा धन तो भगवान श्री राम के चरणों में है अत: मैं उनके इस बात से मैं सहमत नहीं हूँ कि माता पिता की बात को नहीं मानना चाहिए माँ जो अपने कोख में बच्चे को 9महीने तक रखती है और पिता अपने पुत्र को पढ़ाता लिखाता है अत: माता पिता ही आपके भगवान है जो भगवान श्री राम से प्रेरणा लेनी चाहिए भगवान श्री राम को 14वर्ष के वनवास का आदेश अपने पिता राजा दशरत से मिला और ऐ तो किसी भी पुत्र के लिए पिता के प्रति घोर नाराजगी होनी चाहिए लेकिन भगवान श्री राम ने सहर्ष स्वीकार किया और अहंकारी रावण के घमंड को चकनाचूर कर



दिया रावण को भय उसके कुकर्म के कारण हुआ धर्म और पाप का अंतर जानना हो तो आपके ही अंत:करण से बड़े अन्य किसी प्रमाण की अवश्यकता ही नहीं। धर्म आत्मबल बढ़ाता है, पाप आत्मबल क्षीण कर देता है।

रावण, सोने की लंका का राजा, प्रकाण्ड विद्वान, महाबली, मायावी, देवता भी जिसके भय से अपने पत्नी बच्चे छोड़कर पहाड़ों की गुफाओं में जा छिपते थे, आज सीता जी को उठा ले जा रहा है, पर हालत क्या है? थर थर काँप रहा है, बार बार दाँए बाँए देखता है, पसीना छूट रहा है, तुरंत लंका पहुँच जाना चाहता है।

जबकि सीता जी के पास कुछ नहीं है, न राम, न लक्ष्मण, न कोई और, अकेली हैं। धनबल, तनबल, सैन्यबल, कुछ भी नहीं है। कोई अस्त्र भी नहीं है, कोई रक्षक नहीं है। फिर भी निर्भयता का परिचय दे रही हैं। सीता जी ने भगवान को याद किया, और रावण को ललकारा।

रुक रुक! ठहर दुष्ट! अभी भगवान आ ही रहे हैं।

रावण इतना डर गया है कि उससे रथ तक नहीं हांका जा रहा है। सोचता है कि कहीं राम आ न जाएँ, जितनी जल्दी हो सके भागूँ यहाँ से। बस यही चरित्रशीलता और चरित्रहीनता में अंतर है।

चरित्रहीनता दुर्बल बना देती है। चाहे कुछ भी हो, सब कुछ ही क्यों न हो, चरित्र न हो, तो कुछ भी नहीं है। कुछ भी न हो, पर चरित्र हो, तो सब है।और रावण तो इतना अधिक भय खा रहा है, कि उसे अपना पिछला कुकर्म भी याद आ रहा है, जब उसने अपने भाई कुबेर की ही पुत्रवधु का बलात्कार करने का प्रयास किया था, और वह श्रापग्रस्त हो गया था, कि भविष्य में किसी स्त्री को पाप दृष्टि से छुएगा भी, तो उसके सिर के सौ टुकड़े हो जाएँगे। यही कारण है कि उसकी सीता जी को छूने तक की हिम्मत नहीं हो रही।

जिस कर्म को करते हुए हमारा आत्मबल क्षीण मालूम पड़े, उस कर्म को पापकर्म जानकर उसका विचार तक त्याग देना चाहिए।अत: कुछ ऐसे लोगों से हमेशा बचना चाहिए जो शराब सिगरेट, मांस का सेवन करते है क्योंकि उनकी मानसिकता भी उसी खान पान के वजह से विकृत हो चुकी होगी और वो अपने अहंकार में आपको कुछ भी बोल सकता है लेकिन आप शांति से काम लें और जब लगे सर पानी से ऊपर बह रहा है तो भगवान श्री राम का ध्यान करें भगवान श्री राम सिर्फ भगवान ही नहीं है बल्कि एक अच्छा मित्र भी हैं जो आपको बिलकुल सही मार्गदर्शन देंगे उन्होंने कभी अपने को भगवान नहीं कहा लेकिन उनके कर्म ही भगवान का दर्जा देता है जो स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष भी उन्हें ईश्वर का रूप मानते हैं।

# आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आपको नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे ।मेहनत, धैर्य और समझदारी से आज रुके हुये काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए संतोषजनक साबित होगा। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है। अपने कॉन्टैक्ट्स पर ध्यान देंगे ।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी रिलैक्स फील होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने के योग हैं। थोड़ी कोशिश करें तो आपको ज्यादा फायदा होगा । आज महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं। आपका दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा । आज आपको वाहन सुख मिलने के योग बने हुये है।

सिंह राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आपके सभी काम सुचारू रूप से पूरे होते जायेंगे। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिलेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जायेंगे। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा करके अच्छा लगेगा।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज अच्छा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है । ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका कोई इम्पोर्टेन्ट काम बन जायेगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।

धनु राशि- आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है । आज ऑफिस के किसी कार्य वश आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। समझ पूर्ण व्यवहार से आप परिवार की एकता को बरकार रखने में कामयाब होंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी।

मीन राशि-आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिल जाएगा। पिछले कुछ समय से जिनसे आपकी अनबन चल रही है, वह आज दूर हो जाएगी। आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिल सकती है।

# बेरोजगारी और भी बढ़ेगी

**कुमार समीर**

**इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने एक साल पहले युवाओं को हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी और अब निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के अध्यक्ष एस. एन. सुब्रमण्यम ने अपने कर्मचारियों से कहा है कि कामगारों को हफ्ते में 90 घंटे काम करने को तैयार रहना चाहिए। इतने पर ही नहीं रु के, आगे कहा कि एक्स्ट्रा रिजल्ट के लिए एक्स्ट्रा काम करना होगा और इसके लिए रविवार को भी काम करना चाहिए। आखिर, घर में रह कर मजदूर बीवी का मुंह कितनी देर तक निहारते रहेंगे। अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदानी ने भी उनकी बातों का समर्थन करते हुए कहा कि अगर काम ही नहीं रहा तो बीवी घर से भाग जाएगी और फिर क्या होगा?**



एल एंड टी के चेयरमैन के बयान के बाद देश में फिर से मजदूरों के काम के घंटे को लेकर बहस शुरू हो गई है। कॉरपोरेट जगत के अंदर भी इसका विरोध हो रहा है।

आरपीजी ग्रुप के चेयरपर्सन हर्ष गोयनका ने एल एंड टी चेयरमैन के बयान की आलोचना करते हुए कहा, एक हफ्ते में 90 घंटे काम? रविवार को सन-ड्यूटी' क्यों न कहा जाए और छुट्टी' को एक मिथकीय अवधारणा क्यों न बना दिया जाए! वर्क-लाइफ बैलेंस वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी है। यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब भारत में पहले से ही लोग सबसे ज्यादा काम करते हैं, तो क्यों कामगारों के घंटे बढ़ाने की बात उठती रहती है? अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय सबसे ज्यादा काम करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति सप्ताह 46.7 घंटे, चीन में 46.01, ब्राजील में 39, अमेरिका में 38, जापान में 36.6, इटली में 36.3, ब्रिटेन में 35.5, फ्रांस में 35.9, जर्मनी में 34.2 और कनाडा में 32.5 घंटे मजदूरों से काम कराया जाता है। इन आंकड़ों के बावजूद भारत में काम के घंटे बढ़ाने के लिए जब-तब शिगूफा छोड़ा जाता रहा है।

सच तो यह है कि पूरी बहस को इसलिए संचालित किया जा रहा है ताकि मोदी सरकार द्वारा मार्च, 2025 में लाए जाने वाले लेबर कोड, जिसमें काम के घंटे 12 कर दिए जाने हैं, की सामाजिक स्वीकृति हासिल की जा सके। इसके लिए बीच-बीच में इस तरह की चर्चाएं शुरू करवाने का ताना-बाना बुना जाता है। सच तो यह है कि दुनिया में काम के घंटे बढ़ाने के तकरे के विरुद्ध र्िआर्टफशियल इंटेलीजेंस के दौर में काम के घंटे कम करने की कवायद- कार्रवाई हो रही है। तमाम देशों में सप्ताह में चार दिन काम की पद्धति शुरू हुई है।

जूम के मालिक एरिक युवान जैसे एआई इनोवेटर्स का मानना है कि एआई हर कंपनी के लिए चार दिन का कार्यसप्ताह हासिल करने की कुंजी होगा। उनके अनुसार चार दिन के वर्किंग में 92 प्रतिशत की सफलता दर है। जापान जैसे देशों में काम के घंटे लगातार कम किए जा रहे हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां जापान में वर्ष 2000 में 1839 घंटे सालाना काम के थे वहीं उसे 2022 में घटा कर 1629 घंटे सालाना कर दिया गया। इससे लगभग वार्षिक काम के घंटे में 11.6 प्रतिशत की गिरावट आई। बेल्जियम, आइसलैंड, यूएई, स्पेन और नीदरलैंड जैसे देशों में चार दिन के कार्य दिवस सप्ताह में कर दिए गए हैं। जापान की रिक्रूट वर्क्स इंस्टिट्यूट के विश्लेषक ताकाशी सकामोटो के निष्कर्ष के अनुसार, देश में अब कई यूरोपीय देशों की तरह काम के घंटे कम किए जा रहे हैं।

ऑटोनॉमी की एक रिपोर्ट के अनुसार, र्िआर्टफशियल इंटेलिजेंस आने के बाद ब्रिटेन में 88 प्रतिशत कंपनियां अपने कर्मचारियों के काम के घंटे 10 प्रतिशत तक कम कर रही हैं यानी कुल मिला कर कहा जाए तो दुनिया में काम के घंटे कम करने की दिशा में काम हो रहा है वहीं भारत, जहां पहले से ही काम के घंटे ज्यादा हैं, में उन्हें बढ़ाने की वकालत की जा रही है। दरअसल, देश में भीषण बेरोजगारी और महंगाई में मजदूरों की मजबूरी का फायदा उठा कर काम के घंटे 12 करने का कानून बनाया जा रहा है। दुखद यह है कि इस सबसे उत्पादन क्षमता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

संवैधानिक दृष्टि से देखें तो काम के घंटे बढ़ाने को जो कुछ भी किया जा रहा है, वह स्पष्ट तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21, 42 और 43 का उल्लंघन है। हमारे संविधान की प्रस्तावना में ही व्यक्ति की गरिमा की बात कही गई है, जिसकी मौलिक अधिकार और नीति-निर्देशक तत्वों में व्याख्या की गई है। अनुच्छेद 42 जहां काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं के लिए राज्य की जवाबदेही तय करता है वहीं अनुच्छेद 43 मजदूरों को काम, निर्वाह मजदूरी, शिष्ट जीवन स्तर और अवकाश की संपूर्ण उपभोग सुनिश्चित करने वाली काम की दशाएं, सामाजिक और सांस्कृतिक अवसर प्राप्त करने के लिए राज्य को जिम्मेदार बनाता है। आर्टफशियल इंटेलीजेंस के दौर में जब दुनिया बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के खतरे को महसूस कर रही है, तब भारत में काम के घंटे बढ़ाने के कारण बेरोजगारी और भी बढ़ेगी, यह तय है।





# विविध-समाचार

## रिम्स अस्पताल में लड़की से दरिंदगी, सैप जवान ने किया रेप; मचा हड़कंप

रांची (आरएनएस)। झारखंड की राजधानी रांची स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) अस्पताल में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। एक सैप जवान ने अस्पताल में अपने प्रेमी का इलाज कराने आई एक युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस घटना से अस्पताल में हड़कंप मच गया है और मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।पीड़िता, जो चतरा जिले की रहने वाली है, अपने प्रेमी का इलाज कराने रिम्स आई थी। गुरुवार देर रात जगह न मिलने के कारण वे दोनों अस्पताल में ही सो गए थे। तभी सैप जवान संतोष कुमार बारला वहां पहुंचा और उन्हें धमकाते हुए पूछताछ के बहाने युवती को अस्पताल की चौथी मंजिल पर एक सुनसान जगह पर ले गया। आरोप है कि वहां जवान ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और घटना का जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।डरी-सहमी युवती ने बाद में अपने प्रेमी को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद बरियातू थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सैप जवान संतोष कुमार बारला को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की उम्र लगभग 20 साल बताई जा रही है।

## पंजाब में रेड करने गई पुलिस टीम पर निहंगों का हमला, एसएचओ पर तलवार से वार; एसआई की 2 अंगुलियां कटी

लुधियाना (आरएनएस)। पंजाब के लुधियाना में कार लूटने के मामले में रेड करने गई पुलिस टीम पर निहंगों ने हमला कर दिया। निहंगों के इस हमले में थाना सदर के एसआई और पुलिस चौकी मराडो के इंचार्ज (SI) समेत 4 कर्मचारी घायल हो गए। निहंगों ने एसएचओ पर तलवार से वार किया जससे उनकी आंख के पास गहरा जख्म हो गया। जबकि इस हमले में चौकी इंचार्ज की 2 अंगुलियां कट गईं। जानकारी के मुताबिक घटनास्थल पर गोलीबारी भी हुई।

इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि बाकी हमलावर फरार हो गए। घायल अधिकारियों और कर्मचारियों को सिविल अस्पताल में भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है। जानकारी के मुाबिक घटना शुक्रवार देर रात करीब सवा दस बजे की है। बता दें 4 दिन पहले 3 निहंगों ने गांव संगोवाल में एक व्यक्ति से बंदूक के दम पर ऑल्टो कार लूट ली थी। इस मामले में देर रात पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश के लिए गांव कमालपुर में रेड की।यहां पर पहले एक निहंग पुलिस को देखकर भागने लगा। फिर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान निहंग ने एसएचओ पर तलवार से वार कर दिया। जिन्हें बचाने के लिए चौकी इंचार्ज तरसेम सिंह आगे आए। इसी दौरान आरोपी निहंग ने अपने 10 से 12 साथियों को बुला लिया। सभी हमलावरों ने 4 पुलिस कर्मियों को घेर कर उन पर तलवारों से हमला कर दिया। पुलिस चौकी मराडो के इंचार्ज तरसेम ने कहा कि एक आरोपी को काबू कर लिया है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

## रोटी बनाते हुए थूकने का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

बागेश्वर, (आरएनएस)। उत्तरायणी मेले में आए एक होटल में तंदूरी रोटी में थूकने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दोनों दुकानों को प्रशासन ने बंद कर दिया है। नगर पालिका के समीप बाहर से आए लोगों ने रेस्टोरैंट खोला है। इसमें मटन कोरोमा समेत नॉन वैज भोजन बन रहा है। गुरुवार की रात तंदूर में रोटी बनाने वाला एक युवक द्वारा रोटी में थूकने का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद बजरंग दल समेत अन्य संगठन मौके पर पहुंच गया। विहिप के बजरंग दल के जिला संरक्षक विजय परिहार ने मामले में कड़ी आपत्ति जताई। इसे धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ बताया। मामला तूल पकड़ने लगा। इसकी सूचना पुलिस को मिल गई। कोतवाली पुलिस हरकत में आई और तत्काल सूचना मिलते ही पुलिस ने होटल संचालक सहित अन्य आरोपी को हिरासत में ले लिया। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया विजय परिहार द्वारा मामले में तहरीर दी गई। जिसके बाद आरोपी युवकों के खिलाफ धर्म विशेष की धर्मिक आस्था को आहत होने की प्राथमिकी दर्ज हुई है। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर दुकानें बंद कर दी है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्वक मेला संपन्न कराने में सहयोग की अपील की है।

# कर्नाटक की बेहतरी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : शिवराज सिंह चौहान

बेंगलुरु ,(आरएनएस)। कर्नाटक की विकास योजनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्नाटक सरकार के कृषि मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री और राजस्व मंत्री के साथ बैठक की।

मीडिया को इस बैठक के बारे में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्रीफ भी किया। बताया , मैंने भारत सरकार की योजनाओं की समीक्षा की है। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि सभी को पक्का मकान मिले। हमने सितंबर में कर्नाटक में 2 लाख 57 हजार 246 घर बनाने की मंजूरी दी थी। इसके लिए हमने पैसा भी आवंटित किया है।

आगे कहा, आज कर्नाटक के गरीबों के मकान के लिए हमने आवासों की संख्या को बढ़ाया है। कुल मिलाकर कर्नाटक के उन आवासों के अलावा हमने 4 लाख 67 हजार 580 मकान गरीबों के लिए आवंटित किए हैं। भाजपा का संकल्प है कि हर गरीब को पक्का मकान



मिले।चौहान ने प्रदेश सरकार को केंद्र द्वारा दिए गए फंड का उपयोग करने की सलाह भी दी। बोले , कर्नाटक सरकार तेजी से इन मकानों के काम को पूरा करे ताकि सभी गरीबों के पक्के मकान बनाए जा सकें। पहले जो हमने फंड जारी किए थे, सरकार उनका उपयोग करे। कृषि मंत्री ने मैग्नेटाइजेशन योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। तीनों मंत्रियों ने कुछ और ज्ञापन मुझे सौंपे हैं। हमारा लक्ष्य विकसित भारत के साथ विकसित कर्नाटक बनाना है। हमारा लक्ष्य है कि हम प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कर्नाटक के विकास में कोई कसर न छोड़े।

आगे कहा, राज्य सरकार से मेरा आग्रह है कि वह समय पर फंड ठीक से खर्च करें। भारत सरकार कर्नाटक की बेहतरी के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आज मैं अपने कर्नाटक के दौरे में सुपारी उत्पादक किसानों से भी मिलने जा रहा हूं। शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष से अपील की कि वो जनकल्याण की राजनीति करे। केंद्रीय मंत्री बोले, हम लोग विकास की राजनीति करते हैं, जनकल्याण की राजनीति करते हैं। अभी कई योजनाएं ऐसी हैं जिनमें कर्नाटक ने फंड खर्च नहीं किया है, लेकिन मैं आज इसमें नहीं जाना चाहता। कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जल्दी प्रदेश के अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

# मुरलीकांत पेटकर को 52 साल बाद मिला अर्जुन अवॉर्ड, कार्तिक आर्यन बोले- 'चंदू चैंपियन का यह है आदर्श

मुंबई ,(आरएनएस)। अभिनेता कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह देश के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की शानदार कहानी से फैंस और फॉलोअर्स को रूबरू करा रहे हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म और अर्जुन अवॉर्ड से जुड़े वीडियोज साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, बड़े पर्दे पर अपनी अविश्वसनीय जिंदगी जीने से लेकर आज राष्ट्रपति भवन में आपको 'अर्जुन लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्राप्त करते हुए देखना, अविश्वसनीय था। हर पल एक सपने जैसा था। अब हमारी फिल्म 'चंदू चैंपियन' को अपना आदर्श अंत मिल चुका है (इसकी शुरुआत अर्जुन पुरस्कार के लिए आपकी लड़ाई से हुई थी) । अभिनेता ने आगे लिखा, आपको मैं जितना जानता हूं सर उस आधार पर कह सकता हूं कि यह क्लाइमेक्स नहीं हो सकता। आप प्रेरणा देते रहिए सर। इस ऐतिहासिक पल में कैद होकर गौरवान्वित हूं। इसमें आप और देश की राष्ट्रपति भी हैं। आपको सलाम और सभी अर्जुन पुरस्कार विजेताओं को बधाई।मुरलीकांत पेटकर को उनके शानदार योगदान के लिए शुक्रवार को प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड (लाइफटाइम अचीवमेंट) से सम्मानित किया गया। अभिनेता का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कार्तिक भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह के साथ मुलाकात करते नजर आए। वीडियो में उनके साथ निर्देशक कबीर खान भी दिखाई दिए।

## नापाक हरकत : रेफरेंडम के लिए भारत में एक्टिव हुआ आतंकी पन्नू, वोटिंग के लिए QR कोड किया शेयर; सिख-गैर सिखों के लिए अलग-अलग फॉर्म



चंडीगढ़ (आरएनएस)। अमेरिका, कनाडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप सहित अन्य देशों में खालिस्तान रेफरेंडम चलाने के बाद गुरपतवंत पन्नू का आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस भारत में एक्टिव हो गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर स्स्न्नछ्व टीम नाम के अकाउंट से एक पोस्ट की गई। इसमें रेफरेंडम की वोटिंग के लिए त्तक्र कोड शेयर किया गया। साथ ही वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने का प्रोसेस बताया गया। संगठन ने फॉर्म भी डाले हैं, जिसमें सिख और दूसरे धर्मों के लोग भी वोट कर सकते हैं। हालांकि, पोस्ट डलने के 10 घंटे के बाद ही अकाउंट को भारत में बैन कर दिया गया। इसके बाद सोशल मीडिया पर रेफरेंडम के क्यआर कोड और पोस्ट वायरल हो गई। वोटिंग के लिए कोई डेट मेंशन नहीं गई थी।

पोस्ट में लिखा गया कि जो सिख पंजाब के अलावा भारत के किसी अन्य राज्य में रह रहे हैं, वो अपने वोट के लिए उक्त त्तक्र कोड को स्कैन करें या फिर www.sikhsykhalistan.net पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें। QR कोड स्कैन करने पर एक पेज खुलता है, जिसमें कश्मीर और कन्याकुमारी में वोट के लिए जगह चिह्नित की गई है। साथ में लिखा कि सिख इंडिपेंडेंस रेफरेंडम वोट के लिए यहां पर रजिस्टर करें। वोट करने के लिए व्यक्ति की उम्र 18 साल के ज्यादा होने चाहिए।



प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान अक्षयवट मंदिर के बाहर भक्तों की कतार.

# सैफ अली खान हमला मामला : करीना कपूर ने दर्ज कराया पुलिस को बयान,बताई हमले वाली रात की कहानी



मुंबई , (आरएनएस)। अभिनेता सैफ अली खान अटैक मामले की जांच कर रही पुलिस ने अभिनेत्री करीना कपूर का बयान दर्ज किया है। अभिनेत्री ने पुलिस को बताया है कि वो हमले के वक्त घबरा गई थीं।

अभिनेत्री ने बताया कि सैफ के बीच में आने की वजह से हमलावर जहांगीर तक नहीं पहुंच पाया था। करीना ने बयान में ये भी कहा है कि हमलावर ने घर से कोई भी चीज नहीं चुराई थी, लेकिन उसका व्यवहार बहुत ही आक्रामक रहा। इस दौरान आरोपी ने कई बार सैफ पर हमला किया, जिससे मैं घबरा गई थी।इस दौरान उन्होंने अपने छोटे बेटे को घरेलू सहायिका के साथ 12वीं मंजिल पर भेज दिया था।पुलिस इस मामले में 40 से 50 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। पुलिस ने घटना वाले दिन अभिनेता के घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका को हिरासत में ले पूछताछ की थी, जिसने पुलिस को बताया कि हमलावर अचानक से घर में घुसा था और उसे उंगली दिखाते हुए कहा था कि तुम शोर मत मचाओ लेकिन वो चीख पड़ी, जिसके बाद सैफ मौके पर पहुंच गए फिर हमलावर ने उन पर चाकू से हमला कर दिया।अभिनेता पर चोर ने छह बार चाकू से हमला किया था। इनमें से दो वार काफी गंभीर थे, जिसमें से एक उनकी रीढ़ की हड्डी के पास लगा था। जिसे देखते हुए डॉक्टर को उनकी सर्जरी करनी पड़ी। अब उनकी हालत स्थिर है।लीलावती अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक, अभिनेता की हालत में सुधार है। उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 21 जनवरी को उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है।

पुलिस जांच में जुटी है। इस मामले में अब तक कई सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए हैं। एक वीडियो में हमलावर जहां बांद्रा रेलवे स्टेशन के पास घूमता हुआ नजर आ रहा है, तो दूसरी वीडियो में वो एक मोबाइल की दुकान में हेडफोन खरीदता भी दिखा है।

पुलिस के मुताबिक, हमलावर ने जिस तरह से अभिनेता पर हमला किया है, उससे साफ जाहिर है कि वो उनके घर के लेआउट से पूरी तरह वाकिफ था।

## पोर्नोग्राफी मामले को लेकर ईडी का खुलासा, राज कुंद्रा दर्ज करा चुके हैं बयान

मुंबई (आरएनएस) ।पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी के मुताबिक व्यवसायी और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा महीने भर पहले ही अपना बयान दर्ज करा चुके हैं।पोर्नोग्राफी मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने राज कुंद्रा से बैलार्ड एस्टेट कार्यालय में पूछताछ की थी। कुंद्रा का बयान पिछले महीने दिसंबर में दर्ज हुआ था। ईडी अधिकारी ने पुष्टि की कि एजेंसी से दूसरा समन मिलने के बाद कुंद्रा जांचकर्ताओं के सामने पेश हुए थे।

बता दें, पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा को ईडी ने 2 दिसंबर को दूसरा समन जारी किया था। केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें 4 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा था।इससे पहले कुंद्रा को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए पहले ही समन भेजा गया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने ईडी से कुछ अतिरिक्त समय की मांग की थी, जिसे ईडी ने स्वीकार करते हुए उन्हें 4 दिसंबर तक का समय दिया था। मामले में ईडी ने व्यावसायी राज कुंद्रा, अभिनेत्री गहना वशिष्ठ समेत कई संदिग्धों को समन भेजा था। इन सभी को ईडी के समक्ष जांच के लिए पेश होने का आदेश दिया गया था।ईडी के अधिकारियों ने हाल ही में जुहू स्थित राज कुंद्रा के आवास पर तलाशी के बाद इन सभी को समन जारी किया था।

## दिल्ली में दो दिन तक नहीं होगी मालवाहक वाहनों की एंट्री, ट्रैफिक विभाग ने जारी किया प्लान

नोएडा(आरएनएस)। गणतंत्र दिवस के रिहर्सल और मुख्य कार्यक्रम को देखते हुए नोएडा ट्रैफिक विभाग ने अपना ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। इस ट्रैफिक प्लान के मुताबिक 22 जनवरी की रात 10 बजे से 23 जनवरी के रिहर्सल खत्म होने तक और 25 जनवरी की रात 10 बजे से गणतंत्र दिवस कार्यक्रम खत्म होने तक दिल्ली की सीमा में मालवाहक वाहनों का पूरी तरह से प्रवेश वर्जित रहेगा।



जरूरी सामान ढोने वाले वाहनों को छोड़कर यह सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों पर लागू होगा। यातायात एडवाइजरी के मुताबिक दिल्ली में गणतंत्र दिवस फुल ड्रेस परेड रिहर्सल तथा गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर यह प्लान जारी किया गया है। जनपद गौतमबुद्धनगर से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले मालवाहक (भारी, मध्यम व हल्के) वाहनों का सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिल्ली राज्य में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

यह वाहन डायवर्जन किए गए मार्गों का प्रयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। जिनमें चिल्ला रेड लाइट (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

डीएनडी (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन डीएनडी टोल प्लाजा से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। कालिंदी कुंज यमुना (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन यमुना नदी से पहले अंडरपास तिराहा से डायवर्ट किए जाएंगे, जो नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।इसके अलावा यमुना एक्सप्रेस-वे से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन फलैदा कट, रबुपुरा से सर्विस रोड होकर, गलगोटिया, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी से होते हुए पुस्ता तिराहे से होंडा सीएल चौक से कस्बा कासना से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। यमुना एक्सप्रेस-वे से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन जीरो प्वाइंट से परी चौक की ओर डायवर्ट किए जाएंगे, जो ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

# गजेंद्र सिंह शेखावत ने राहुल गांधी पर निशाना साधा, बोले- हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और होते हैं



जोधपुर ,(आरएनएस)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने महाकुंभ के आयोजन पर भी प्रतिक्रिया दी।केंद्रीय मंत्री ने जोधपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति और उनके नेतृत्व को लेकर अब वह बेनकाब हो चुके हैं। हिंदी में कहावत है कि हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और होते हैं। उनका चाल चरित्र और चेहरा सबके सामने आ चुका है।

1954 की भगदड़ की घटना को तत्कालीन सरकार के दबाने के सवाल पर गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि 1954 की ही एक घटना नहीं है। आजादी के बाद से इमरजेंसी से लेकर 2014 तक इस पर ग्रंथ लिखे जा सकते हैं कि उन्होंने लोकतंत्र की कैसे हत्या की।इसके अलावा उन्होंने महाकुंभ के भव्य आयोजन को लेकर देशवासियों को बधाई थी। साथ ही कहा कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन में जिस तरह से व्यवस्थाएं की गई हैं, यह केस स्टडी की तरह आवश्यक है। 45 दिन के इस महाकुंभ के आयोजन में 45 करोड़ से ज्यादा लोग आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि पहले दिन पूर्णिमा और बाद में मकर संक्रांति के दिन, लगभग इन दो दिनों में पांच करोड़ लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया है, लेकिन इसके साथ-साथ लगभग 15 लाख लोग महाकुंभ में पूरे 45 दिन तक रह करके कल्पवास कर रहे हैं। लगभग इतनी ही बड़ी संख्या साधुओं की है, जो पूरे 45 दिन तक लगभग यहां रहने वाले हैं। लगभग 15 लाख लोग ऐसे हैं जो सफाई कर्मचारी के रूप में विभिन्न व्यवस्थाओं को देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 50 लाख लोग महाकुंभ में स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं। बाकी लोग आते हैं और स्नान करके चले जाते हैं। महाकुंभ का आयोजन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तरह से किया गया है वो निश्चित रूप से अनूठा है।

गजेंद्र सिंह शेखावत ने आजादी के बाद पहले कुंभ का जिक्र करते हुए विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इससे पहले 2013 में कुंभ में भगदड़ मची थी और उस समय की तत्कालीन सरकार ने असंवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया था।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के छठे दिन गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर नाव की सवारी की।

## साय सरकार ने जनता का दर्द और उनकी ज़रूरतों को समझा

रायपुर, (आरएनएस)। सरकार वही जिसे जनता की फ़िक्र हो, परख की हर कसौटी पर खरा उतरने वाली छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने राज्य की जनता का दर्द और उनकी ज़रूरतों को समझा है. सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करना और रोजगार के क्षेत्र में आने वाली बाधाओं को कम करना ही होता है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय भर्तियों में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान कर इस दिशा में एक सकारात्मक और दूरगामी कदम उठाया है. यह निर्णय समाज के उन वर्गों को राहत पहुँचा रहा है जो उम्र सीमा के कारण रोजगार के अवसरों से वंचित रह गए थे. प्रदेश में बेरोजगारी लंबे समय से एक बड़ी समस्या रही है ऐसी दशा में जो उम्मीदवार केवल आयु सीमा के कारण सरकारी भर्तियों से वंचित रह जाता है उनके दु:ख को राज्य के मुखिया ने बहुत नज़दीक से समझा है. यह छूट विशेष रूप से उन युवाओं के लिए राहत प्रदान करती है, जो थोड़े अधिक उम्र के हो गए हैं मगर उनके पास नौकरी के लिए आवश्यक कौशल और योग्यता है.

# ऑल ब्लैक आउटफिट पहन कैमरे के सामने सुरभि चंदना ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की अदाएं देख फैंस हुए बेकाबू



टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर लोगों की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

एक्ट्रेस सुरभि चंदना टीवी की फेमस एक्ट्रेस हैं। वो जितनी ही कमाल की अभिनेत्री हैं, उतना ही कूल उनका ड्रेसिंग सेंस भी है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छा जाता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने ब्लैक कलर की वन साइड शोल्डर ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए खुले बाल, कानों में इयररिंग्स पहनकर अपने इस लुक को शानदार तरीके से निखारा है।सुरभि चंदना कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। वहीं, यूजर्स भी उनके इस लुक को देखकर कॉमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं।एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो ब्यूटिफुल। दूसरे यूजर ने लिखा है- हॉटनेस। तीसरे यूजर ने लिखा है- सेक्सी एंड ग्लैमरस। ऐसे ही एक के बाद एक यूजर्स कॉमेंट करते हैं।

## 120 बहादुर की रिलीज डेट से उठा पर्दा, मेजर शैतान सिंह बन दुश्मनों से लड़ते दिखेंगे फरहान अख्तर

बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर इन दिनों कई फिल्मों के निर्माण को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बीच वे 120 बहादुर को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं, जिसमें वे खुद अभिनय करते नजर आएंगे। कुछ समय पहले फिल्म का पहला पोस्टर जारी हुआ था। फिल्म को लेकर प्रशंसक भी काफी उत्साहित हैं। वहीं, अब आखिरकार फिल्म की रिलीज की तारीख का भी एलान हो गया है।रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अमित चंद्रा के ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज के साथ मिलकर 120 बहादुर की रिलीज की तारीख की घोषणा की है, जो 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों को श्रद्धांजलि है। 1962 के भारत-चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित 120 बहादुर रेजांगला युद्ध की कहानी दिखाएगी, जहां बहादुरी और बलिदान ने इतिहास रच दिया था।फिल्म की पहली घोषणा के बाद से ही फैंस के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है, जिसे इसके दमदार फर्स्ट लुक और मोशन पोस्टरों ने और भी बढ़ा दिया है।




# मिशन ग्रे हाउस के साथ बड़े पर्दे पर नई शुरुआत के लिए तैयार हैं पूजा शर्मा



पूजा शर्मा ने 2024 में तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में पोपटलाल की प्रेमिका की भूमिका निभाकर अपने लिए लोगों से बहुत प्यार और फैन्स का सपोर्ट प्राप्त किया। अब वह फिल्म मिशन ग्रे हाउस के साथ बड़े पर्दे पर अपनी नई शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।पूजा, जो अपने सीए फाइनल सेकंड ग्रुप की परीक्षा देने के लिए मुंबई आई थीं, उसने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह अभिनेत्री बनेंगी।अपने मॉडलिंग और अभिनय करियर की शुरुआत के बारे में बताते हुए पूजा ने कहा, मैं मॉल में खरीदारी कर रही थी और एक कास्टिंग वाले ने मुझे किसी प्रसिद्ध सोप के ऑडिशन के लिए इंटरव्यू देने के लिए संपर्क किया, वे रैंडम पब्लिक इंटरव्यू लेते हैं। अगले दिन, उसने मुझे यह कहते हुए बुलाया कि अगर आप ऑडिशन राउंड क्लियर करती हैं और एड के लिए चुनी जाती हैं, तो आपको प्रति दिन चालीस हज़ार का पेमेंट किया जाएगा शूट के लिए। मैं हैरान थी की सीए में भी प्रति दिन इतने पैसे तो कहा ही मिलेंगे।टीएमकेओसी के अलावा पूजा छोटी सरदारनी, जौहरी, दस जून की रात जैसे लोकप्रिय शो और वेब सीरीज का भी हिस्सा रही हैं।मिशन ग्रे हाउस में पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहीं पूजा ने कहा, मैं बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए उत्साहित हूं और यह एक सपने के सच होने जैसा है। मैं कियारा की भूमिका निभा रही हूं, जो एक पुलिस अधिकारी है और अभिनेता राजेश शर्मा की बेटी है, जो एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भी हैं। मैं फिल्म में हीरो की अच्छी दोस्त हूं। फिल्म की कहानी कुछ इस तरह है कि मैंने अपने पिता को ग्रे हाउस में रहस्यमयी हत्याओं के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए हम दोनों को एक खतरनाक मिशन पर भेजने के लिए राजी किया और हम इस रहस्य को कैसे सुलझाते हैं।

# हिसाब बराबर का ट्रेलर जारी, घोटाले और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ते नजर आए आर माधवन

फिल्म 'हिसाब बराबर' के ट्रेलर में आर. माधवन एक ईमानदार आम आदमी के रोल में नजर आ रहे हैं। वह राधे मोहन शर्मा का किरदार निभा रहे हैं। राधे हिसाब का पक्का आदमी है, साथ ही जिद्दी भी है। आगे चलकर उसे एक बड़े फाइनेंशियल स्कैम का पता चलता है। अब वह स्कैम करने वालों से कैसे निपटता है, यही फिल्म की कहानी है। आर. माधवन की फिल्म 'हिसाब बराबर' का प्रीमियर 24 जनवरी को जी5 पर होगा। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू भाषा में भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। फिल्म को अश्विनी धीर ने निर्देशित किया है। फिल्म के हालिया रिलीज ट्रेलर में नजर आता है कि आर माधवन के किरदार राधे मोहन शर्मा को करोड़ों के स्कैम का पता चलता है, स्कैम करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने पर उसे बुरे परिणाम भुगतने पड़ते हैं। राधे को ही जेल जाना पड़ता है, उसका घर तोड़ दिया जाता है। लेकिन राधे यानी आर माधवन का किरदार हार नहीं मानता है और स्कैम करने वालों से जंग करने को तैयार हो जाता है। 'हिसाब बराबर' के ट्रेलर में कई दमदार डायलॉग भी सुनाई दिए। जिनमें से एक डायलॉग आर माधवन का किरदार राधे कहता है- 'ये नया इंडिया है सर जी, छोड़ेगा नहीं, सबका करेगा हिसाब बराबर।' साथ ही फिल्म में कॉमेडी सींस भी मजेदार हैं, कॉमिक अंदाज में ही सोशल मैसेज दिया जा रहा है।



## बॉक्स ऑफिस पर गेम चेंजर की दैनिक कमाई में गिरावट जारी, सोनू सूद की फतेह ने तोड़ा दम

सुपरस्टार राम चरण और कियारा आडवाणी की पैन-इंडिया फिल्म गेम चेंजर को सिनेमाघरों में रिलीज का एक सप्ताह पूरा गया है और यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस इसका हाल-बेहाल है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म के कारोबार में गिरावट जारी है।आइए बताते हैं गेम चेंजर ने रिलीज के सातवें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, गेम चेंजर ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को 4.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 117.90 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म का बजट 400 करोड़ रुपये बताजा जा रहा है। एस शंकर के निर्देशन में बनी फिल्म गेम चेंजर एक राजनीतिक ड्रामा है, जिसमें राम चरण पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। एसजे सूर्या, जयराम और सुनील भी फिल्म का हिस्सा हैं।सोनू सूद की फिल्म फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन पहले दिन से इसका बॉक्स ऑफिस हाल-बेहाल है।

## लवयापा का रोमांटिक ट्रैक रहना कोल रिलीज, जुनैद खान और खुशी कपूर की दिखी खूबसूरत केमिस्ट्री

जुनैद खान और खुशी कपूर की रोमांटिक कॉमेडी लवयापा को लेकर काफी चर्चा हो रही है. ये दोनों की थिएट्रिकल डेब्यू है, जिसमें वो एक मॉडर्न रोमांस ड्रामा लेकर आ रहे हैं. लोग इसे देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं. फिल्म का पहला गाना लवयापा हो गया पहले ही धमाल मचा चुका है, जिस पर हर कोई झूम रहा है. वहीं, इसका ट्रेलर प्यार और मज़ेदार रोमांस पर एकदम जेन-जेड अंदाज़ पेश करता है, जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है. काफी इंतजार के बाद मेकर्स ने अब फिल्म का दूसरा गाना रहना कोल रिलीज कर दिया है. यह एक खूबसूरत रोमांटिक गाना है, जो फिल्म की खूबसूरती को और बढ़ा देता है.



इस गाने में फ्रेशनेस और प्यार का ऐसा तड़का है, जो हर किसी को वैलेंटाइन मूड में ला देगा. जुनैद खान और खुशी कपूर की केमिस्ट्री और परफॉर्मेंस गाने में दिल छू लेने वाली है, जो प्यार की फीलिंग को बहुत अच्छे से बयां करती है. इनकी नैचुरल केमिस्ट्री देखकर दिल में सच में तितलियां उड़ने लगेंगी. ये गाना अपने चार्म और फील के साथ साल का लव एंथम बनने वाला है.

## वरुण धवन ने शुरू की बॉर्डर 2 की शूटिंग, सेट से सामने आई पहली तस्वीर

वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं।



झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित बॉर्डर 2 का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने बॉर्डर 2 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को ग्रे टी-शर्ट और नीली जींस पहने देखा जा सकता है। उन्होंने इस आउटफिट को ब्लैक लेदर जैकेट के साथ पहना और मूंछों वाला लुक दिया। उन्होंने कुमार और दत्ता के साथ फिल्म का क्लैपबोर्ड पकड़ा।निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, एक्शन, धैर्य और देशभक्ति! अभिनेता वरुण धवन ने निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ झांसी के सुंदर छावनी क्षेत्रों में बॉर्डर 2 यात्रा शुरू की। 23 जनवरी, 2026- एक अविस्मरणीय गाथा के लिए तैयार हो जाइए।हालांकि, सनी देओल, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी आने वाले महीनों में फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। इससे पहले अगस्त 2024 में, वरुण ने एक्स पर एक लंबी पोस्ट में बॉर्डर 2 का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की थी। उन्होंने लिखा था, जेपी सर और भूषण कुमार द्वारा निर्मित बॉर्डर 2 में एक भूमिका निभाना मेरे करियर का एक बहुत ही खास पल है।

# सब्जी में ज्यादा हो गया है नमक तो न हों परेशान, इन आसान उपायों से चुटकियों में करें बैलेंस



खाना पकाना एक कला है. इसलिए स्वादिष्ट भोजन बनाना हर किसी के लिए संभव नहीं हो सकता है. सब्जी, दाल या कोई भी ग्रेवी बनाते समय उसमें पर्याप्त मात्रा में नमक, जीरा और इमली डालना बहुत जरूरी है. अगर सब्जी में इनकी मात्रा बढ़ जाए तो इसे खाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. मसाले यदि ज्यादा हो जाए तो लोग इसे खा सकते हैं, लेकिन नमक ज्यादा हो जाए तो खाना मुश्किल हो जाता है. वहीं नमक का अधिक सेवन कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है. ऐसे में इस खबर के माध्यम से जानें कि ग्रेवी में नमक कम करने के लिए क्या किया जा सकता है...

### नारियल का दूध

अगर किसी भी ग्रेवी में नमक ज्यादा हो तो नारियल का दूध निचोड़ कर उसमें मिला सकते हैं. इसके लिए नारियल के दूध में थोड़ा सा पानी मिलाकर ग्रेवी में मिला लें. ऐसा करके आप करी का स्वाद बढ़ा सकते हैं और अधिक नमक को भी संतुलित कर सकते हैं।

### दही

अगर सब्जी ज्यादा नमकीन है तो इसमें एक बड़ा चम्मच दही डालें और अच्छी तरह मिला लें. फिर इसे 5 मिनट तक गर्म करें. यह भी नमक कम करने का एक प्रभावी तरीका है।

### आलू

सब्जी में नमक ज्यादा होने पर आप उबले आलू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यह सबसे आम तरीकों में से एक है. इसके लिए आलू को उबालकर मैश कर लें और सब्जी में डाल दें और कुछ देर के लिए छोड़ दीजिए।

इसके अलावा आप कच्चे आलू को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर सब्जी में डाल सकते हैं. इसे कम से कम 15 मिनट से ज्यादा समय तक पकाएं. आलू सब्जी में मौजूद ज्यादा नमक सोख लेगा और नमक की मात्रा को बराबर कर देगा। कुछ देर सब्जी में रहने के बाद आलू को बाहर निकाल लें।

### चीनी

अगर सब्जी नमक ज्यादा हो तो थोड़ी चीनी या गुड़ मिला सकते हैं. चीनी की मिठास नमक को कुछ हद तक कम करने में मदद करती है. इसे दाल और अचार में भी आजमाया जाता है. यह न केवल अधिक नमक को कम करेगा बल्कि ग्रेवी का स्वाद भी बढ़ाएगा. लेकिन इस विधि को सभी तरह की ग्रेवी पर न आजमाएं।

### पानी

यदि ग्रेवी बहुत अधिक नमकीन है, तो इसे कम करने का सबसे आसान तरीका थोड़ा पानी डालना है. इससे नमक की मात्रा को समायोजित करने में मदद मिलेगी।

### ताजा मलाई

ताजी क्रीम करी में अतिरिक्त नमक को संतुलित करने में भी मदद करती है. लेकिन पहले आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि करी का स्वाद और ताजी क्रीम का स्वाद एक साथ मिक्स हो जाए. ऐसा करने से करी का स्वाद भी बढ़ जायेगा।

### गेहूं का आटा

गेहूं का आटा एक अन्य घटक है जो करी में अतिरिक्त नमक को संतुलित करने में मदद करता है. इसके लिए गेहूं के आटे को गूंथकर छोटी-छोटी गोलियां बनाकर करी में मिला सकते हैं. पंद्रह मिनट तक उबालने के बाद इन्हें हटाया जा सकता है।

### टमाटर

अगर चिकन करी और फिश करी में नमक ज्यादा हो जाए तो एक या दो कटे हुए टमाटर या इमली का रस डाल दीजिए. इससे करी में स्वाद भी बढ़ जाएगा और अधिक नमक को संतुलित करने में मदद मिलेगी।

### प्याज

प्याज को पतला-पतला काट लीजिए और अच्छे से भून लीजिए. इसे करी में डालें. यह करी में अतिरिक्त नमक को कम करने में फायदेमंद है।

### घी

सब्जी या दाल में अधिक नमक कम करने में देसी घी काफी लाभकारी होता है. यदि किसी ग्रेवी में नमक के साथ ही मिर्च भी ज्यादा हो गई है, तो इसके लिए उसमें एक चम्मच देसी घी डाल दें, बढ़े हुए नमक की मात्रा बैलेंस हो जाएगा।

# गले में दर्द से तुरंत राहत कैसे पाएं? यहां जानिए आसान घरेलू उपाय



सर्दी के मौसम में अक्सर लोगों को सर्दी लगने से गला खराब हो जाता है. ऐसे में कभी गले में दर्द होता है तो कभी खाने-पीने के चीजों को निगलने में दिक्कत होती है. अगर आप भी गले में दर्द या गले में इंफेक्शन से परेशानी हैं तो यहां हम आपके लिए कुछ घरेलू उपाय लेकर आएं जो आपके बहुत काम आने वाले हैं. आइए जानते हैं कि ठंड की वजह से अगर गले में दर्द हो तो आप कौन-कौन से घरेलू उपायों को अपनाना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में.

### नमक के गरारे करें

गले में दर्द से तुरंत राहत पाना चाहते हैं तो सबसे पहले नमक के गरारे करें. ये एक बेहद असरदार नुस्खा माना जाता है. ये सदियों पुराना उपाय है जो हमारी दादी-नानी के जमाने में आजमाया जाता था. इसके लिए आप एक ग्लास गुनगुने पानी में नमक मिला लें और थोड़ी-थोड़ी देर में गरारे करते रहें. इससे गले के दर्द से राहत मिल जाती है.

### गले की सिंकाई करें

सर्दियों में गले के दर्द के लिए सबसे आसान और सबसे असरदार घरेलू उपायों में से एक है गर्म सिंकाई. इसके लिए आफ बस 15-20 मिनट के लिए अपने गले पर गर्म पानी की बोतल या गर्म गीला कपड़ा रखें. हीट की वजह से आपकी मांसपेशियों को आराम मिलेगा और प्रभावित एरिया में ब्लड फ्लो बढ़ जाएगा जिससे दर्द और कठोरता कम हो जाएगी.

### हॉट एप्सम सॉल्ट बाथ

हॉट एप्सम सॉल्ट बाथ की मदद से न सिर्फ आप रिलैक्स फील करेंगे, बल्कि ये गले के दर्द से भी जल्द राहत दिलाएगा. इस नमक में मैग्नीशियम पाया जाता है जो नेक मसल के तनाव को कम करने में मदद करता है. आप नहाने वाली बाल्टी में गर्म पानी के साथ एक कप एप्सम सॉल्ट मिलाएं और 20 मिनट बाद नहा लें.

### अदरक की चाय पीएं

अदरक अपनी एंटी-इंफ्लेमेंट्री प्रॉपर्टीज के लिए जाना जाता है. अदरक की चाय पीने से आपकी गले की मांसपेशियों में सूजन कम हो सकती है, जिससे दर्द से राहत मिल सकती ह. आप बस एक ताजा अदरक के टुकड़ों को गर्म पानी में डुबोएं, स्वाद के लिए शहद मिलाएं और चाय के रूप में इसे पी जाएं.

# बांग्लादेशी सैनिकों पर पाकिस्तान मेहरबान, दे रहा ट्रेनिंग

## ड्रोन और एंटी ड्रोन सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर की दे रहा जानकारी



ढाका,(ए)। बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद पाकिस्तान उस पर ज्यादा ही मेहरबान हो रहा है। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में देखने को मिला। पाकिस्तान की फौज पिछले तीन दिन से बांग्लादेशी सैनिकों को इनाम पर इनाम दे रही है। सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेशी सैनिकों को इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और ड्रोन सिस्टम की जानकारी दी जा रही है, जिनके जरिए भारत-बांग्लादेश सीमा पर तबाही मचाई जा सकती है।

बांग्लादेश फौज के लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन अपने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पिछले तीन दिनों से पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान फौज के प्रमुख असीम मुनीर के निर्देश पर बांग्लादेशी फौज के इस प्रतिनिधिमंडल को फाइव स्टार सुविधा दी जा रही हैं। यहां तक की उनकी कथित बहादुरियों और कारनामों के लिए इनाम भी दिया जा रहा है।

इस पूरी कवायद के पीछे पाकिस्तान की फौज और खुफिया एजेंसी बांग्लादेश के इस उच्च प्रतिनिधिमंडल को सीमा पर पड़ोसी को कैसे परेशान करना है यह बता रही है। बांग्लादेश के इन अफसरों ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय रेडियो और दूरसंचार निगम का दौरा किया। जहां इन्हें दूरसंचार निगम के उत्पादों विशेष कर ड्रोन सिस्टम, एंटी ड्रोन सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम आदि दिखाए गए। इसके साथ ही सीमा पर किस-किस तरह के उपकरण लगाकर कौन सी निगरानी रखी जाती है और सीमा पार किस तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भेज कर तबाही मचाई जाती है इन बातों की जानकारी दी गई।

बांग्लादेशी सेना के अफसरों को यह गुर सीखाने का मतलब है कि आने वाले दिनों में भारत बांग्लादेश सीमा पर कोई बड़ी घटना हो सकती है। इसके पीछे पूरी तरह से दिमाग पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी का होगा। बताया जा रहा है कि इस उच्च सैन्य दल को वापसी के समय पाकिस्तान कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी उपलब्ध कराएगी इसके जरिए वे भारत बांग्लादेश सीमा पर अभ्यास करेंगे।

## कैलिफोर्निया जंगल की आग : आग बुझाने की कोशिशें को मौसम से मदद, हजारों लोगों को घर लौटने की अनुमति

लॉस एंजिल्स (आरएनएस)। दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगलों में आग पर काबू पाने के लिए हजारों अग्निशामक जुटे हैं। वहीं इस क्षेत्र में हवा की गति थोड़ी धीमी होने से उन्हें अपने काम में कुछ मदद मिली है। वहीं कुछ





इलाकों से निकासी आदेश हटाए भी गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि एक हफ्ते से ज्यादा समय बाद दक्षिणी कैलिफोर्निया में जंगल की आग की वजह से कम से कम 27 लोगों की जान चली गई है और 12,300 से ज्यादा इमारतें जलकर नष्ट हो गई हैं।लॉस एंजिल्स क्षेत्र में सबसे बड़ी सक्रिय जंगल की आग, पैलिसेड्स फायर ने 23,713 एकड़ (95.96 वर्ग किमी) को जला दिया है। 7 जनवरी को लगी आग पर 31 प्रतिशत काबू पा लिया गया है। कैलिफोर्निया के वानिकी और अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) ने शुक्रवार सुबह एक अपडेट में कहा, रात भर और आज सुबह ठंडा मौसम, हल्की हवाएं और अच्छी नमी रही। आग अब उन क्षेत्रों के आसपास फैल रही है, जो नियंत्रित हैं, ताकि लोगों और आपातकालीन कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।कैलिफोर्निया के वानिकी और अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) ने शुक्रवार सुबह एक अपडेट में कहा, रात भर और आज सुबह, ठंडा तापमान, हल्की हवाएं और अच्छी आर्द्रता देखी गई। उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारी नियंत्रित क्षेत्रों के भीतर इमारतों के आसपास आग के प्रसार को कम करने के लिए नियंत्रण रेखाएं स्थापित करने और उनमें सुधार करने के साथ-साथ जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम जारी रखे हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के पास आतंकी हमला, 2 जजों की मौत, हमलावर ने किया सुसाइड

ईरान ,(आरएनएस)। ईरान की राजधानी तेहरान में आतंकी हमला होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट की इमारत के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने अंधाधुंध फायरिंग की है। इस हमले में दो जज मारे गए और दो लोगों घायल हुए है।

कोर्ट में गोलीबारी की घटना होने के बाद अफरा-तफरी मच गई। इनमें कोर्ट परिसर में मौजूद वकील, क्लाइंट और भी लोग शामिल थे। गोलीबारी की इस आतंकी घटना में दो जज की मौत हो गई. स्थानीय मीडिया के मुताबिक, तेहरान में ईरान के सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों को निशाना बनाकर हमला किया गया। इसमें जज मोहम्मद मोगीसेह और होजातोलेसलाम अली रजिनी, दो जजों की मौत हो गई, जबकि तीसरे जज को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज चल रहा है। इस हमले के बाद हमलावर मौके से भागा नहीं बल्कि उसने खुद को गोली मारने के बाद आत्महत्या कर ली। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों पर हमला करने वाला संस्थान में जलपान की व्यवस्था करने वाला एक कर्मचारी था। उसने जजों पर गोली चलाने के लिए हैंडगन का इस्तेमाल किया।

न्यायपालिका मीडिया केंद्र ने घटना के बारे में जानकारी दी। यह घटना ईरान के समय के अनुसार सुबह करीब 10.45 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि सुबह, सुप्रीम कोर्ट में एक सशस्त्र घुसपैठिए ने राष्ट्रीय सुरक्षा, जासूसी और आतंकवाद के खिलाफ अपराधों के खिलाफ अपनी लड़ाई के लिए दो बहादुर और अनुभवी न्यायाधीशों को निशाना बनाकर एक पूर्व नियोजित हत्या को अंजाम दिया। सुप्रीम कोर्ट की शाखा 39 के प्रमुख होजातोलेसलाम अली रजिनी और शाखा 53 के प्रमुख न्यायाधीश मोहम्मद मोगीसेह उन लोगों में शामिल थे जिन पर हमला किया गया।

## तलाक की अफवाहों के बीच, बराक ओबामा की पोस्ट और उस पर मिशेल का रिएक्शन वायरल

वाशिंगटन ,(आरएनएस)। क्या बराक और मिशेल ओबामा तलाक लेने जा रहे हैं? दरअसल पिछले कुछ समय से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी के बीच संभावित अलगाव की अफवाहें सोशल मीडिया पर फैल रही हैं। इन अटकलों के बीच, ओबामा की एक्स पर की गई एक पोस्ट और उस पर मिशेल की प्रतिक्रिया लोगों का ध्यान खींच रही है।

ओबामा ने अपनी पत्नी के जन्मदिन के अवसर पर यह पोस्ट लिखी है। उन्होंने कहा, मेरे जिंदगी के प्यार मिशेल ओबामा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप हर जगह को गर्मजोशी, ज्ञान, हास्य और शालीनता से भर देती हैं और ऐसा करते हुए आप अच्छी लगती हैं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे आपके साथ जीवन के रोमांच को अनुभव करने का मौका मिला। आपसे प्यार करता हूं!ओबामा की यह पोस्ट शेयर करते हुए मिशेल ने लिखा, 'लव यू हनी'।17 जनवरी, 1964 को जन्मी मिशेल ओबामा ने शुक्रवार को अपना 61वां जन्मदिन मनाया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ओबामा दंपत्ति की तलाक की खबरों को बल तब मिला जब सोमवार (20 जनवरी) को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में मिशेल के न आने की खबरें सामने आईं।मिशेल के ऑफिस ने मंगलवार (14 जनवरी) को कहा, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के 60वें शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की पुष्टि हो गई है। पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा आगामी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगी।बयान में यह स्पष्टीकरण नहीं दिया गया कि वह शपथ ग्रहण समारोह में क्यों शामिल नहीं होंगी, जिसमें परंपरागत रूप से पूर्व राष्ट्रपति और उनके जीवनसाथी शामिल होते हैं।हाल के हफ्तों में यह दूसरा हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम है जिसमें मिशेल ओबामा ने शामिल होने से इनकार कर दिया। पिछले हफ्ते, मिशेल अपने पति बराक के साथ पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुई थीं।मिशेल ओबामा की दो प्रमुख सार्वजनिक कार्यक्रमों से अनुपस्थिति ने सोशल मीडिया पर तलाक की अफवाहों को हवा दे दी है।

## पाकिस्तानी महिला निकली सरकारी टीचर, 9 साल बाद हुए खुलासे से सभी हैरान

बरेली(ए)। बेसिक शिक्षा विभाग में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक पाकिस्तानी महिला ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए सहायक अध्यापक की नौकरी हासिल कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी महिला की तलाश जारी है।जांच में पता चला कि शुमायला खान नामक यह महिला पिछले 9 सालों से बरेली के एक प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थी। उसने नौकरी के लिए जो दस्तावेज जमा किए थे, उनमें निवास प्रमाण पत्र भी शामिल था। इसी निवास प्रमाण पत्र की गहन जांच करने पर यह पता चला कि यह पूरी तरह से फर्जी था।

तहसीलदार सदर, रामपुर की रिपोर्ट के अनुसार, शुमायला ने निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए गलत जानकारी दी थी। उसने खुद को भारतीय नागरिक बताकर रामपुर में रहने का दावा किया था। हालांकि, जांच में यह बात सामने आई कि वह पाकिस्तान की नागरिक है। इस मामले का खुलासा होने के बाद, शिक्षा विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शुमायला खान को निलंबित कर दिया और उसकी नियुक्ति को रद्द कर दिया। इसके अलावा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश पर फतेहगंज पश्चिमी थाने में शुमायला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## 20-25 मिनट के अंतर से मौत से बची, मुझे और मेरी बहन को मारने की थी साजिश; शेख हसीना का दावा

ढाका (ए)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सत्ता से बेदखली को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। हसीना ने दावा किया कि उन्हें और उनकी छोटी बहन शेख रेहाना को मारने की साजिश रची गई थी। बांग्लादेश अवामी लीग पार्टी के फेसबुक पेज पर शुक्रवार देर रात पोस्ट किए गए ऑडियो भाषण में उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, 'बहन रेहाना और मैं बाल-बाल बच गए। केवल 20-25 मिनट के अंतर से हमारी जान बच पाई।' मालूम हो कि पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में जोरदार आंदोलन हुआ था। हफ्तों तक चले विरोध प्रदर्शन और झड़पों के बाद बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ कर दिया गया। इस दौरान हुई हिंसा में 600 से अधिक लोग मारे गए थे।

शेख हसीना बांग्लादेश से भागकर भारत



चली आईं। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन हुआ। शेख हसीना ने बीते दिनों को याद करते हुए कहा कि उन्हें मारने की साजिशें कई बार रची गईं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि 21 अगस्त की हत्याओं से बचना या कोटलीपारा में बम से बच जाना और 5 अगस्त, 2024 को भी जीवित रहनाज्अल्लाह की मर्जी से हुआ। मेरे ऊपर अल्लाह का हाथ रहा होगा। नहीं तो इस बार मैं बच नहीं पाती! हसीना ने कहा, 'आपने देखा होगा कि कैसे उन्होंने मुझे मारने की साजिश रची। मगर, यह अल्लाह की रहमत है कि मैं अभी भी जीवित हूं। अल्लाह चाहता है कि मैं कुछ और करूं। हालांकि, मैं पीड़ित हूं। अपने देश के बिना और अपने घर के बिना रह रही हूं। सब कुछ जल गया है।'गौरतलब है कि 21 अगस्त 2004 को बंगबंधु एवेन्यू पर अवामी लीग की ओर से आयोजित आतंकवाद विरोधी रैली में ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ था। इसकी चपेट में आने से 24 लोग मारे गए और 500 से अधिक घायल हो गए। यह धमाका शाम 5꞉22 बजे उस वक्त हुआ जब तत्कालीन विपक्ष की नेता शेख हसीना ट्रक के पीछे से 20,000 लोगों की भीड़ को संबोधित कर रही थीं।

# खेल समाचार

## सचिन तेंदुलकर भी हुए करुण नायर के कायल

### -पोस्ट कर लिखा-7 पारियों में 752 रन बनाना असाधारण से कम नहीं

नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेटर करुण नायर का नाम इस वक्त काफी चर्चा में है. उन्होंने घरेलू क्रिकेट में विजय हजारे में कमाल की बल्लेबाजी करते हुए खूब रन बनाए हैं. विदर्भ के कप्तान करुण नायर के प्रदर्शन को देखकर क्रिकेट के गलियारे में अब उन्हें टीम इंडिया में शामिल करने की चर्चा हो रही है. इसी बीच क्रिकेट के भगवान माने जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने भी उनके लिए एक स्पेशल पोस्ट शेयर कर दिया है.विदर्भ की कमान संभाल रहे करुण नायर ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को इम्प्रेस कर दिया है. अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने उनके लिए एक्स पर पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनके ऐतिहासिक प्रदर्शन को सराहा है. तेंदुलकर ने करुण नायर को टैग करते हुए लिखा, 7 पारियों में पांच शतकों के साथ 752 रन बनाना असाधारण से कम नहीं है. इस तरह के प्रदर्शन यूं ही नहीं हो जाते. ऐसे प्रदर्शन अत्यधिक फोकस और कड़ी मेहनत से आते हैं. ऐसे ही मजबूत बने रहें और हर अवसर का लाभ उठाएं.करुण नायर विजय हजारे ट्रॉफी में कमाल की बल्लेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे हैं. उन्होंने अब तक 8 मैच खेले हैं, जिसकी 7 पारियों में 125.96 की स्ट्राइक रेट से 752 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 7 शतकीय पारियां आई हैं. उनकी कप्तानी में विदर्भ की टीम फाइनल में पहुंच गई है.करुण नायर को अपकमिंग इंग्लैंड सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया में शामिल किया जा सकता है. सोशल मीडिया पर फैंस और तमाम पूर्व क्रिकेटर्स भी करुण को स्क्वाड में शामिल करने की बात कर रहे हैं. लेकिन, अब देखने वाली बात होगी की सिलेटर्स करुण नायर के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से इम्प्रेस हुए हैं या नहीं. हालांकि, उनकी बल्लेबाजी ने सभी को प्रभावित किया और यकीनन वह टीम इंडिया में जगह पाने के हकदार हैं.

## चोट के कारण रणजी ट्रॉफी के अगले राउंड से बाहर रहेंगे कोहली और राहुल





नईदिल्ली,(आरएनएस)। स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और केएल राहुल ने बीसीसीआई की मेडिकल टीम को सूचित किया है कि वे चोटों से जूझ रहे हैं। इस कारण वे 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैचों के आगामी दौर में भाग नहीं ले पाएंगे।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने बताया ने बताया कि कोहली गर्दन के दर्द से जूझ रहे हैं, जिसके लिए उन्हें सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के खत्म होने के बाद 8 जनवरी को एक इंजेक्शन दिया गया था। उपचार के बावजूद, उन्हें अभी भी दिक्कत हो रही है, जिसके कारण वह राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के मैच से बाहर हो जाएंगे।दूसरी ओर, राहुल कोहनी की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह बेंगलुरु में पंजाब के खिलाफ कर्नाटक के लिए नहीं खेल पाएंगे।गुरुवार को बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के खिलाफ जरूरी दिशा-निर्देश जारी किया। इसमें घरेलू क्रिकेट में अनिवार्य रूप से भागीदारी लेना भी शामिल है। जो खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलेगा, उसको राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष से अनुमति लेनी होगी।

हालांकि कोहली और राहुल दोनों इस दौर में नहीं खेलेंगे, फिर भी वे ग्रुप चरण के अंतिम दौर में खेल सकते हैं, जो 30 जनवरी से शुरू होगा।

हालांकि, ये मैच 6 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज से ठीक पहले समाप्त होंगे। दोनों खिलाड़ी एकदिवसीय टीम और चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाने के लिए दावेदार हैं। दोनों टूर्नामेंटों के लिए टीम चयन की घोषणा शनिवार को की जाएगी।ऋषभ पंत (दिल्ली), शुभमन गिल (पंजाब) और रवींद्र जडेजा (सौराष्ट्र) समेत अन्य नियमित टेस्ट खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी मैचों के अगले दौर में भाग लेंगे।भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने भी इस सप्ताह की शुरुआत में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम के साथ अभ्यास किया। मुंबई के आगामी रणजी मैच में रोहित की भागीदारी अभी साफ नहीं है। ऋषभ पंत (दिल्ली), शुभमन गिल (पंजाब) और रवींद्र जडेजा (सौराष्ट्र) समेत अन्य नियमित टेस्ट खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी मैचों के अगले दौर में भाग लेंगे।

## रायपुर में 6 फरवरी से शुरू होगी लीजेंड 90 लीग, खेलते नजर आएंगे कई दिग्गज

रायपुर(आरएनएस)। लीजेंड 90 लीग की शुरुआत 6 फरवरी से 18 फरवरी तक रायपुर में होगी। इस लीग में भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, सुरेश रैना और न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर जैसे दिग्गज खिलाड़ी खेलेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच, श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान और मार्टिन गप्टिल जैसे बड़े नाम भी इस लीग का हिस्सा होंगे।

इस लीग में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लैडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात संप आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज, रॉयल किंग्स पंजाब और राजस्थान किंग्स जैसी रोमांचक टीमें हिस्सा लेंगी। 90 गेंदों का नया फॉर्मेट इसे क्रिकेट का एक अनोखा अनुभव बनाएगा।लीजेंड 90 लीग के डायरेक्टर शिवैन शर्मा ने कहा, हमें खुशी है कि हम यह लीग लेकर आ रहे हैं, जिसमें क्रिकेट के महान खिलाड़ियों को नए और रोमांचक फॉर्मेट में देखने का मौका मिलेगा। हमें यकीन है कि यह लीग क्रिकेट की दुनिया में नया इतिहास बनाएगी। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम में मार्टिन गप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायडू जैसे खिलाड़ी होंगे। जबकि दिल्ली रॉयल्स की टीम में शिखर धवन और रॉस टेलर खेलेंगे। हरियाणा ग्लैडिएटर्स में हरभजन सिंह दिखेंगे तो राजस्थान किंग्स में ड्वेन ब्रावो खेलेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन दुबई जायंट्स की ओर से खेलेंगे।

## स्कॉटलैंड और मैनचेस्टर यूनाइटेड लीजेंड डेनिस लॉ का 84 वर्ष की आयु में निधन

मैनचेस्टर(आरएनएस)। फुटबॉल दिग्गज डेनिस लॉ का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह प्रतिष्ठित बैलन डीओर पुरस्कार जीतने वाले स्कॉटलैंड के इकलौते खिलाड़ी थे।द किंग और द लॉमैन के नाम से मशहूर लॉ ने फुटबॉल की दुनिया में अपनी छाप छोड़ी। मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ 11 साल बिताए, जहां उन्होंने 404 मैचों में 237 गोल किए। इस रिकॉर्ड के साथ वे क्लब के सर्वकालिक टॉप स्कोरर की सूची में वेन रूनी और सर बॉबी चार्लटन के बाद तीसरे स्थान पर हैं।एबरडीन में जन्मे लॉ ने हडर्सफ़ील्ड टाउन से अपना पेशेवर करियर शुरू किया। इसके बाद वे इटली के टोरिनो क्लब में शामिल हुए। बाद में उन्होंने मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए भी खेला, जहां वह एक फुटबॉल लीजेंड बन गए। स्कॉटलैंड के लिए उन्होंने 55 मैच खेले और 30 गोल किए, जो उन्हें देश का संयुक्त सर्वश्रेष्ठ स्कोरर बनाता है। डेनिस लॉ फुटबॉल के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने तीन बार ब्रिटिश ट्रांसफर रिकॉर्ड तोड़ा। उनकी उपलब्धियां मैदान से बाहर भी प्रभावशाली रहीं, जो उन्हें क्लब और देश दोनों के लिए एक आदर्श बनाती हैं।2021 में, लॉ ने बताया कि वे अल्जाइमर और वैस्कुलर डिमेंशिया से पीड़ित थे। उनके परिवार ने उनके निधन की खबर शेयर करते हुए कहा, भारी मन से हम यह बताना चाहते हैं कि हमारे पिता डेनिस लॉ का निधन हो गया है। उन्होंने बड़ी बहादुरी से लड़ाई लड़ी, लेकिन अब वह शांति में हैं।

## एसए 20: किंग्समीड में जीत की राह पर लौटे सनराइजर्स ईस्टर्न केप

डरबन,(आरएनएस)। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने किंग्समीड में डरबन सुपर जायंट्स पर 58 रन की जीत के टूर्नामेंट में वापसी की है। पिछली बार की चैंपियन तीन हार के बाद अपने एसए 20 के तीसरे सीजन में जीत के लिए बेताब थे।एडेन मार्क्रम की टीम ने अपने कप्तान की अपील पर बल्ले से बेहतर प्रदर्शन किया। टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।इंग्लैंड के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जैक क्रॉली ने 29 गेंदों में 34 रन बनाकर शुरुआती गति प्रदान की, इससे पहले साथी इंग्लिश खिलाड़ी टॉम एबेल ने 39 गेंदों में 57 रन बनाकर मध्यक्रम में रनों की गति बनाए रखी।मार्को जेनसन ने पिछले मैच में अर्धशतक बनाया था, उन्होंने फिर से 26 गेंदों में नाबाद 36 रन बनाकर मैच के अंत में शानदार प्रदर्शन किया। इस लंबे कद के ऑलराउंडर ने ट्रिस्टन स्टब्स (आठ गेंदों में नाबाद 15) के साथ 13 गेंदों में 24 रन की अटूट साझेदारी की और सनराइजर्स को 165/5 तक पहुंचाया।मिस्ट्री स्पिनर नूर अहमद 4-24 के आंकड़े के साथ सुपर जायंट्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे।सुपर जायंट्स की शुरुआत ओपनर ब्रायस पार्सन्स और मैथ्यू ब्रीट्ज़के ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़कर पॉजिटिव अंदाज में की। हालांकि बाद में पार्सन्स 21 गेंदों पर 23 रन बनाकर रन आउट हो गए। सुपर जायंट्स इसके बाद कभी उबर नहीं पाए, बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने किंग्समीड में स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाया।

## इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज से पहले तीन अभ्यास मैच खेलेगी भारतीय टीम



मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले चार दिन के तीन मैच भी खेलेगी। ये मैच इसलिए रखे हैं ताकि खिलाड़ियों को लाल गेंद से खेलने का अनुभव हो सके। इन मैचों की तारीखें हालांकि अभी तय नहीं हुई हैं। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे में 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की बेहतर तैयारी के लिए अभ्यास मैच जरुरी हैं। बोर्ड ने ये फैसला इसलिए भी लिया है क्योंकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम बिना अभ्यास मैच के उतरी थी और उसे दोनो में ही करारी हार का सामना करना पड़ा था।बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि कि अभयास मैचों से खिलाड़ियों को इंग्लैंड के हालात से तालमेल बिठाने में सहायता मिलेगी।रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के ऑस्ट्रेलिया में खराब प्रदर्शन के बाद अब घरेलू क्रिकेट में स्टार भारतीय बल्लेबाजों को भी खेलने को कहा गया है। इस अधिकारी ने कहा कि हमारे पास अब बहुत ज्यादा लाल गेंद के मैच नहीं हैं क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के तुरंत बाद आईपीएल शुरू हो जाएगा। ऐेस में बिना कियी अच्छी तैयारी के टीम को किसी अहम सीरीज में भेजना सही नहीं है क्योंकि इंग्लैंड में खेलना आम तौर पर बल्लेबाजों के लिए कठिन होता है।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सितांशु कोटक बन सकते हैं भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच


मुम्बई (ए)। ऑस्ट्रेलिया दौर में भारतीय टीम की खराब बल्लेबाजी से चिन्तित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब टीम के लिए बल्लेबाज कोच रखने जा रही है। अभी भारतीय टीम में मुख्य कोच की जिम्मेदारी गौतम गंभीर के पास है जबकि चार सहायक कोच हैं हैं पर बल्लेबाजों को सलाह देने वाले की कमी महसूस की जा रही है। इसी को देखते हुए बीसीसीआई अब पूर्व क्रिकेटर सितांशु कोटक को बल्लेबाजी कोच बना सकता है।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच की दौड़ में कई बड़े नाम हैं और इसको लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। टीम में अभी मोर्ने मोर्कल गेंदबाजी कोच हैं, जबकि अभिषेक नायर असिस्टेंट कोच, रेयान टेन डोशेटे असिस्टेंट कोच हैं और टी. दिलीप फील्डिंग कोच हैं। बीसीसीआई की हाल में हुई आम बैठक में कोचिंग स्टाफ को लेकर बात हुई थी।

# देश की उन्नति के लिए स्वामित्व योजना महत्वपूर्ण है - सांसद दर्शन सिंह चौधरी

**सोना सांवरी में विकास के अनेक कार्य किए गए हैं शेष बचे कार्य को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा -विधायक डॉक्टर सीता सरन शर्मा**





नर्मदापुरम( निप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां की स्वामित्व योजना एक ऐसी योजना है जिससे व्यक्ति का सिर गर्व से ऊंचा हो जाए। यह योजना सपनों को पंख देने वाली योजना है। आज का दिन देश के ग्रामीणों परिवारों के लिए ऐतिहासिक दिन है। बीते 5 वर्ष में देश के डेढ़ करोड़ से ज्यादा परिवारों को तथा आज 65 लाख से ज्यादा परिवारों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को देश भर के 50 हजार से ज्यादा गांव के 65 लाख परिवारों को प्रॉपर्टी के कार्ड के वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान श्रीगंगानगर राजस्थान की श्रीमती रचना, नागपुर महाराष्ट्र के रोशन संभाजी पाटिल, रायगढ़ा उड़ीसा की श्रीमती संगीता, सांबा जम्मू कश्मीर के गुरिंदर सिंह से वर्चुअल संवाद भी किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम के इटारसी तहसील के ग्राम सोना सांवरी में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सोना सांवरी एवं ग्राम साकेत के लगभग 750 हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी का कार्ड वितरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद

## सोना सावरी में स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टों का किया गया वितरण

दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि आज स्वामित्व योजना के लाभ का प्रत्यक्ष परिणाम हम सब ने देखा है। भारत की उन्नति के लिए स्वामित्व योजना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज 750 लोगों को आवासीय पट्टों का वितरण किया जा रहा है शेष बचे लोगों को भी शीघ्र ही आवासीय पट्टों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पट्टे मिलने के साथ ही व्यक्ति अपनी संपत्ति का मालिक हो गया है। नर्मदापुरम विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा ने कहा कि आज सौभाग्य का दिन है कि स्वामित्व योजना के तहत सोना सांवरी एवं साकेत के 750 परिवारों को आवासीय पट्टों का वितरण किया जा रहा है। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी गांव की तकलीफ को समझते थे वह जानते थे कि जब तक पट्टे नहीं मिलेंगे तब तक आपको कोई संपत्ति का मालिक नहीं मानेगा। उन्होंने कहा कि लाखों रुपए खर्च करके रजिस्ट्री होती है लेकिन शासन ने घर-घर जाकर रजिस्ट्री वाला स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टों का कार्ड हितग्राहियों को दिया है। उन्होंने कहा कि सोना सांवरी में पुल का निर्माण किया गया है। चार रास्तों का भी निर्माण किया गया है। लगभग 75 करोड रुपए के कार्य यहां पर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में कोई कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जितने भी विकास के कार्य हैं उन्हें पूरा किया जाएगा।जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे ने आयोजित कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा की स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टे जिन हितग्राहियों को मिले हैं वह इसके साथ ही अन्य लाभ भी ले सकते हैं। इसके पूर्व कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि स्वामित्व योजना से देश एवं प्रदेश के प्रत्येक हितग्राहियों के जीवन में बदलाव आया है। नर्मदापुरम जिले में वर्ष 2021-22 में ड्रोन के माध्यम से आबादी भूमि का सर्वे किया गया था। इसके पूर्व लोगों के पास घरों के दस्तावेज नहीं थे। सामान्यत: इस योजना के माध्यम से ड्रोन के माध्यम से चूना डालकर सर्वे किया गया। उन्होंने बताया कि लगभग सभी गांव में आबादी ग्राम के सर्वे का कार्य पूरा किया गया है।

## ग्राम बड़ोदिया कला में श्रीमद्भागवत कथा जारी

नर्मदापुरम। डोलरिया(निप्र)। ग्राम बड़ोदिया कला में श्रीमद्भागवत कथा के छटवे दिवस की वेला में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। कथा वाचक आचार्य अभिनंदन जी महाराज के द्वारा व्यास गादी से भगवान श्रीकृष्ण व भगवान के अवतारों की कथा लीलाओं का वर्णन सुमधुर आवाज में संगीतमय कही जा रही है। छटवे दिन कथा व्यास द्वारा वृन्दावन धाम की महिमा सुनाई गई।कथा श्रवण करने बडी संख्या में धर्मप्रेमी भक्तगण पधार रहे।

आयोजन कर्ता समस्त ग्रामवासी बड़ोदिया कला के द्वारा यह भागवत कथा का तीसरा वर्ष है।आचार्य पं अभिनदंन के द्वारा बहुत ही अच्छे तरीके से बृज चौरासी की कथा सुनाई गई। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन होगा।

## मकर संक्रांति पर खरमास समाप्त, अब शुरु हो रही हैं वैवाहिक लग्न



डोलरिया (निप्र)। मकर संक्रांति के बाद अब वैवाहिक लग्न व मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। बीते देड़ माह से खरमास और मकर संक्रांति के चलते विवाह मुहुर्त नहीं होने से शादी विवाह के आयोजन बंद थे। खरमास के समापन के बाद अब फिर से विवाह की धूम शुरू हो रही है। सूर्य के उत्तरायण होने से खरमास की समाप्ति हो गई है। इसके बाद शादी-विवाह समेत सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई है। मकर संक्रांति पर श्रद्धालु अपने कुल देवता को तिल, गुड़ व अन्य सामग्री चढ़ाकर परिवार की कुशलता की कामना करने के बाद मांगलिक कार्य में लगना शुरू कर रहे हैं। इस अवसर पर नदियों में स्नान, देव दर्शन व दान-पुण्य के साथ ही विवाह से जुड़ी रश्म की जा रही है। विवाह शुरू होते ही बाजार में रौनक शुरू हो रही है। क्योंकि खरमास के चलते ग्राहकी कमजोर हो गई थी। बाजार में अब फिर चहल पहल तेज हो गई है। बुधवार से ही ग्रामीण जन बड़ी संख्या में खरीददारी करने के लिए आए। अब यह क्रम हर दिन बढते जाएगा। पंडित प्रवीण मिश्रा ने बताया कि सूर्य दक्षिणयन के दौरान कम ही मांगलिक कार्य होते है। शास्त्रों के अनुसार दक्षिणायन को नकारात्मकता व उत्तरायण को सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। इसीलिए अब सभी मांगलिक कार्य करना शुभ माना जाता है।

# वार्षिकोत्सव में नन्हें मुन्हें बच्चों को अतिथियों ने दिए पुरुस्कार

**द चैम्प्स फन स्कूल में चैम्प्स कार्निवल का भव्य आयोजन पहले दिन की शानदार शुरुआत**







कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का आव्हान किया है।

नर्मदापुरम( निप्र)। द चैम्प्स फन स्कूल में दो दिवसीय कार्निवल का आयोजन किया गया। जिसका पहला दिन विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों से भरपूर रहा। इस दौरान सलाद डेकोरेशनए फायरलेस कुकिंग स्लोगन प्रतियोगिता फूड फिएस्टा विज्ञापन प्रतियोगिता और कल्चरल वॉक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।उद्घाटन समारोह कार्निवल कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन रजत मिश्रा क्षेत्रीय प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने किया। जो छात्रों की रचनात्मकता और कला का अद्भुत प्रदर्शन था।

### प्रतियोगिताओं की कड़ी

स्कूल के वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन की शुरुआत श्लोक गायन प्रतियोगिता से हुई जिसमें छात्रों ने अपने ज्ञान और उच्चारण से सभी को प्रभावित किया।इसके बाद सलाद डेकोरेशन, फायरलेस कुकिंग और फूड स्टॉल फिएस्टा जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कल्चरल वॉक में छात्रों ने अपने परिवार के साथ पारंपरिक वेशभूषा के साथ अपने आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

### अवंतिका ओलंपियाड के पुरस्कार वितरण

पुरस्कार वितरण समारोह की शुरुआत माता सरस्वती की पूजन व दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद सुबह आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ अतुल सेठा निदेशक सेठा मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल ने विजेताओं को मेडल्स और प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संज्ञा शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रणव कुमार चटर्जी ने की। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में द चैम्प्स फन स्कूल के प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी, निदेशक सुभाशीष चटर्जी, श्रीमती जूही चटर्जी और श्रीमती मोना चटर्जी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इनके साथ ही प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल ने अपने निर्णयों से विजेताओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया।पहले दिन का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रयासों से कार्यक्रम बेहद सफल और यादगार बन गया।

### आज मुख्य समारोह व वार्षिकोत्सव

वार्षिकोत्सव समरोह में आज दूसरे दिन मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहेंगे। अध्यक्षता राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया करेंगी। विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन, सतपुड़ा टाईगर रिजर्व की डायरेक्टर श्रीमती राखी नंदा रहेंगी। वार्षिकोत्सव को लेकर स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षक शिक्षिकाओं में विशेष उत्साह है। विद्यालय में पिछले एक सप्ताह से विशेष तैयारी हो रही है। प्राचार्य ने पालकों, मीडिया व अन्य गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का आव्हान किया है।

## हरदा कांग्रेस विधायक के आरएसएस से जुड़ने पर विवाद

हरदा (आरएनएस)। हरदा से कांग्रेस विधायक आरके दोगने के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यक्रमों में लगातार शामिल होने को लेकर पार्टी में विवाद खड़ा हो गया है। नगर पालिका परिषद हरदा के पूर्व अध्यक्ष हेमंत टाले और जिला कांग्रेस प्रवक्ता आदित्य गार्गव ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विधायक से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

दोनों नेताओं ने कहा कि जब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की आजादी पर सवाल उठा रहे हैं और राहुल गांधी संघ की विचारधारा के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में कांग्रेस विधायक का संघ के कार्यक्रमों में जाना और गांधीवादी विचारधारा के प्रति उनकी निष्ठा पर सवाल खड़े करता है।

## समेरिटंस स्कूल में जगन्नाथ प्रवेश योजना की तिथि 20 फरवरी तक बढ़ी

नर्मदापुरम (निप्र)। समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स में सत्र 2025.26 में प्री प्राइमरी कक्षाओं नर्सरी केजी वन और केजी टू में नवीन प्रवेश के लिए एडमिशन फीस नहीं ली जाएगी। जबकि कक्षा पहली से 12वीं तक की कक्षाओं में प्रवेष के लिए एडमिशन फीस में 50 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। इस योजना का लाभ अब 20 फरवरी तक लिया जा सकेगा। योजना पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी। प्रवेश लेने वाले बच्चों को शिक्षण शुल्क नवीन सत्र 1 अप्रैल से ही देय होगा। उक्त जानकारी देते हुए समूह के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि समूह का मूल उद्देश्य बच्चों में संस्कारों और अध्यात्मिक चेतना का विकास रहा है। इसके लिए समूह के सभी विद्यालयों में विशेष गतिविधियों को आयोजन किया जाता है। पिछले साल अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला प्रवेशोत्वस योजना चलाई गई थी। उन्होंने बताया कि समीपस्थ डोंगरवाड़ा गांव में जगन्नाथ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा समूचे जिले और क्षेत्र के लिए शुभ मंगल का द्योतक है। आने वाले दिनों में यह पूरे देश की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बिंदु बनेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर समूह के विद्यालयों में इस वर्ष जगन्नाथ जी महोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान प्री प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश के लिए एडमिशन शुल्क में शत.प्रतिशत छूट और कक्षा पहली से 12वीं तक 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

**कक्षा पहली से 12 वीं तक प्रवेश फीस में 50 प्रतिशत की छूट**

## रोटरी क्लब नर्मदापुरम की डायलिसिस मरीजों के सहायतार्थ सार्थक पहल

**सेठा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में डायलिसिस मशीन की स्थापना**



नर्मदापुरम (निप्र)। रोटरी क्लब नर्मदापुरम ने डायलिसिस के मरीजों की सहायता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। क्लब द्वारा सेठा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में डायलिसिस मशीन की स्थापना की जा रही है, जिससे मरीजों को कम खर्च में डायलिसिस की सुविधा मिल सकेगी। इस पहल का शुभारंभ 28 जनवरी 2025 को किया जाएगा।क्लब प्रवक्ता नरेंद्र गोयल ने बताया कि डायलिसिस के मरीजों को बार-बार डायलिसिस करवाने पर होने वाले भारी खर्च को देखते हुए रोटरी क्लब के सदस्यों ने इस दिशा में मदद करने का निर्णय लिया। डॉ. अतुल सेठा के सहयोग से यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। क्लब की ओर से यह प्रयास किया जा रहा है कि मरीजों को डायलिसिस की सुविधा रियायती दरों पर उपलब्ध करवाई जा सके, जिससे मरीजों के आर्थिक बोझ को कम किया जा सके।इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष शील सोनी, सचिव समीर हर्णे, प्रवक्ता नरेंद्र गोयल, राजीव जैन, मनीष गुप्ता, विकास अग्रवाल, आशीष गुप्ता, अमित अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में सी वी एस कैम्प के माध्यम से की बंदियों की एच आई वी जांच



*नर्मदापुरम (निप्र)। केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खंड अ में इष्ट कैम्पिंग के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एवं सीबीएस कैंप का आयोजन उप जेल अधीक्षक प्रहलाद सिंह वरकडे जी एवं सहायक जेल अधीक्षक हितेश बन्डिया की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जेल परियोजना समन्वयक शाकिर अली, आईसीटीसी काउंसलर प्रकाश चंद्र यादव, एसटीआई काउंसलर विवेक पटवा, एसटीएलएस विक्रम पटेल, प्रोग्राम मैनेजर श्रीमती मीनाक्षी बाथरे, प्रोग्राम मैनेजर सुश्री रक्षा शुक्ला के द्वारा एचआईवी एड्स, टीबी एवं यौन रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एवं इससे किस तरह से बचा जा सकता है ? वह बताया गया। उसके पश्चात जिन बंदीओं की स्क्रीनिंग हुए छह माह से अधिक समय हो गया था। ऐसे 212 बंदीओं की एचआईवी, सिफलिस, टीबी, एसटीआई, लेप्रोसी स्क्रीनिंग की गई। इस सीबीएस एवं अवेयरनेस प्रोग्राम में प्रहलाद सिंह वरकडे उप जेल अधीक्षक एवं हितेश बन्डिया सहायक जेल अधीक्षक, प्रकाश चंद्र यादव, आईसीटीसी,काउंसलर, विवेक पटवा एसटीआई काउंसलर, राजेन्द्र द्विवेदी लैब टेक्नीशियन, हेमन्त अग्रवाल एसटीएस, विक्रम पटेल एसटीएलएस, श्रीमती मीनाक्षी बाथरी टी आई प्रोग्राम मैनेजर,रक्षा शुक्ला पी.एम. संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र, आरती बेलवंशी काउंसलर,नारायण विश्वकर्मा ओआरडब्लू, ज्योति खरवार ओआरडब्लू,सोनू गौर ओआरडब्लू,हरीश यादव ओआरडब्लू, आर पी कुशवाहा (कुष्ठ विभाग), श्रीमती इंदुराज साहु नर्सिंग स्टाफ, शाकिर अली परियोजना समन्वयक उपस्थित थे।*

# शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय नर्मदापुरम मे आयुर्वेदिक उपचार और पंचकर्म से कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रोगी हुए लाभान्वित




नर्मदापुरम( निप्र)। जिला आयुष अधिकारी डॉ. विमला गढ़वाल द्वारा बताया गया कि I.T.I कॉलेज के सामने स्थित शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय नर्मदापुरम के आर.एम.ओ. डॉ एस.आर.करोंजिया एवं डॉ ललिता उइके द्वारा आयुर्वेद एवं पंचकर्म थैरेपी से रोगियो का उपचार किया जा रहा है। साथ ही अस्पताल मे पदस्थ नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ व पंचकर्म टेकनिशयन द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाने पर रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिलने से रोगियों द्वारा चिकित्सालय का अधिक प्रचार-प्रसार हुआ है, जिससे चिकित्सालय की ओ.पी.डी.संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है, जो की चिकित्सालय के चिकित्सक व स्टाफ द्वारा किया गया सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य है। चिकित्सालय में अनेक प्रकार के रोगी जैसे: अस्थि रोग,वातरोग,पक्षाघात, (लकवा) साइटिका, आमवात, संधिवात, गठियावात, श्वास (अस्थमा), त्वचा रोग, स्त्री रोगो में PCOD/PCOS स्तन ग्रंथि, श्वेत प्रदर (सफेद पानी) पेट संबंधी सभी समस्याएं जैसे गैस, एसिडिटी, कब्ज, IBS, बवासीर (पाईल्स) भगंदर (फिस्टुला) आदि रोगों के साथ ही मूत्र रोग संबंधित विकार, मनोविकार (अनिद्रा/एंजायटी) बच्चों में निमोनिया हेतु प्रतिरोधक उपचार किया जाता है तथा निसंतान दंपत्ति एवं पुरुषों में यौवन समस्याएं संबंधित रोगों का भी उपचार किया जाता है। किशोरी बालिकाओ में होने वाली माहवारी संबंधित समस्याएं, दुर्बलता,यौवन पिंडीका (पिंपल्स) बालो का झड़ना आदि त्वचा रोगों से ग्रसित रोगियों को भी उपचार से लाभ हुआ है।चिकित्सालय की ओ.पी.डी. में आने वाले रोगियों का पंचकर्म के अंतर्गत- स्नेहन, स्वेदन, नस्य, शिरोधारा, कटि वस्ति, जानुवस्ति, नेत्र-तर्पण, आदि से समुचित उपचार किया जाता है। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए चिकित्सालय में आने वाले हितग्राहियों को प्रतिदिन प्रात:काल योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाता है,जिससे मानसिक तनाव (अनिद्रा), मोटापा, थायराइड,बी.पी.,शुगर रोग को नियंत्रित करने में सहायता मिलती है जिला आयुष अधिकारी एवं चिकित्सालय के आर.एम.ओ. का जन-सामान्य से आग्रह है कि आयुर्वेद अस्पताल में प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधा का लाभ लें एवं प्रतिदिन योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाए।

**पश्चिम मध्य रेल**

न्यायालय अतिरिक्त तहसील केसला तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र.

//इश्तेहार//

सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम जुझारपुर तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र. को सूचित किया जाता है कि आवेदक Dy. Chief Engineer (Constn)-1 West Central Railway, Adjacect to D.R.M. Office, Bhopal द्वारा पवारखेड़ा से जुझारपुर अप दिशा में एकल लाइन फ्लाई ओवर रेल लाईन परियोजना हेतु ग्राम जुझारपुर स्थित भूमि ख.न. 41, 218/2, 218/1, रकबा 2.294, 0.169, 2.088, हे. भूमि राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन से पवारखेडा से जुझारपुर अप दिशा में एकल लाइन फ्लाई ओवर रेल लाईन संस्था Dy. Chief Engineer (Constn)-1 West Central Railway, Adjacect to D.R.M. Office, Bhopal को हस्तांरतण हेतु आवेदन किया है। इस न्यायालय में रा.प्र.क. 0006/अ- 20(2)/2023 - 24 सुनवाई हेतु दिनांक 21.01.2025 के लिये नियत है। अतः उक्त भूमि आवंटन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कोई अपना हित रखता हो तो आपत्ति हेतु नियत दिनांक 21.01.2025 को स्वंय या अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां इस न्यायालय में देंवे। नियत दिनांक उपरांत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार, केसला

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*